रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹74,660 10 ग्राम
₹89,410 01 किलो
सेंसेक्स 77,690.95 -984.23
डॉलर 84.426 +0.041

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 14 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 279, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं...

77.32% वोट — सबसे ज्यादा **खरसावां विधानसभा** सीट पर पड़े

51.5% वोट — रांची विधानसभा सीट पर पड़ी जो सभी सीटों में सबसे कम रही

72.19% वोट — सबसे ज्यादा **सरायकेला-खरसावां** की सीटों पर पड़े

59.13% वोट — सबसे कम **हजारीबाग** जिले की विस सीटों पर पड़े

43 विस सीटों पर **2249** बूथ अति संवेदनशील चिन्हित किए गए थे

**600** केंद्रीय बलों और झारखंड आर्म्ड पुलिस की 60 कंपनियां तैनात की गई

# 43 सीटों पर 64.68% मतदान, रांची में सबसे कम वोटिंग

### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व विस अध्यक्ष व मंत्री सीपी सिंह, मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री सरयू राय, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, कोचे मुंडा, नीलकंठ सिंह मुंडा, मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व आईपीएस अरुण उरांव समेत 683 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। शाम पांच बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 64.86 प्रतिशत मतदान हुआ है। क्लोज अप पोल डेटा रात 12 बजे तक अपडेट होगी। पहले चरण में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व विस अध्यक्ष व मंत्री सीपी सिंह, मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री सरयू राय, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, कोचे मुंडा, नीलकंठ सिंह मुंडा, मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व आईपीएस अरुण उरांव समेत कुल 683 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। पहले चरण में कुल 1.37 करोड़ वोटर्स को अपने वोटिंग अधिकार का इस्तेमाल करना था लेकिन लगभग 89 लाख वोटर्स ने अपने मतों का प्रयोग किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में थोड़ा कम मतदान हुआ है। मॉक पोल और मतदान के दौरान एक फीसद से भी कम इवीएम और वीवीपैट के बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा प्रायः सभी क्षेत्रों में महिला और युवा मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार खरसावां सीट पर सबसे ज्यादा 77.32 प्रतिशत वोट पड़े हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 51.50 मतदाताओं ने ही मताधिकार का इस्तेमाल किया है। वहीं सरायकेला-खरसावां जिले की सीटों पर सबसे अधिक 72.19 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया है, जबकि सबसे कम वोटिंग हजारीबाग जिले की सीटों में 59.13 फीसदी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कुछ जगहों से मतदान को प्रभावित करने की सूचना मिली थी, जिसका समय रहते निपटारा कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि साइलेंस पीरियड में एक राजनीतिक दल द्वारा चुनाव मेनिफेस्टो जारी करने को लेकर शिकायत मिली थी, जिसे भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया गया है। वहीं साइलेंस पीरियड में एक प्रेस कांफ्रेंस की भी शिकायत मिली है, जिसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से रिपोर्ट तलब की गयी है।

झारखंड विधानसभा चुनाव पहला चरण

## पहले चरण में 2019 से अधिक मतदान

2024 64.86%

2019 63.75% मतदान




2019 का वोट फीसद उन सीटों का है, जहां इस बार पहले चरण में मतदान हुआ।

## नक्सलियों के गलत मंसूबे को किया फेल : एवी होमकर

वहीं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि प्रथम चरण के मतदान में 43 विधानसभा के 15344 बूथ में से 2249 बूथ अति संवेदनशील थे। नक्सली गतिविधियों और संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय बलों की 600 कंपनियां, झारखंड आर्म्ड पुलिस की 60 कंपनियां, स्टेट आर्म्ड फोर्स के 15,291, होमगार्ड करीब 14000 तैनात थे। 286 बूथ पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया था, जिसमें चाईबासा, पलामू, गढ़वा, लातेहार के बूथ शामिल थे। उन्होंने बताया कि एक घटना हुई है। लातेहार में सीआरपीएफ के कांस्टेबल संतोष यादव गोली लगने से जख्मी हुआ। जैसे ही गोली लगने की सूचना मिली उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया, एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा गया है। हाथ में गोली लगी है, खतरे से बाहर है। वहीं रांची में तीन केस दर्ज हुए हैं, कांके, रांची और हटिया में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है तीन केस जमशेदपुर में दर्ज हुए हैं, जमशेदपुर पूर्वी में 2 और जमशेदपुर पश्चिम में एक केस दर्ज हुआ है। नक्सली क्षेत्र में गए हुए मतदान कर्मी कल स्ट्रांग रूम तक ईवीएम को ले जाने की प्रक्रिया होगी।



### पहले चरण के 1.37 करोड़ वोटर्स में 89 लाख ने मतदान का किया प्रयोग

### स्टेट आर्म्ड फोर्स के 15,291 होमगार्ड के करीब 14000 जवान तैनात थे

| विस क्षेत्र | वोटिंग प्रतिशत | विस क्षेत्र | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| खरसावां | 77.32 | जगन्नाथपुर | 66.26 |
| बहरागोडा | 76.15 | सिमरिया | 65.65 |
| लोहरदगा | 73.21 | गुमला | 65.46 |
| पोटका | 72.29 | पांकी | 65.13 |
| मांडर | 72.13 | डालटनगंज | 64.82 |
| सरायकेल | 71.54 | जुगसलाई | 64.53 |
| सीसई | 71.21 | मनिका | 64.15 |
| विशुणपुर | 70.06 | मनोहरपुर | 63.43 |
| घाटशिला | 70.05 | विश्रामपुर | 62.63 |
| लातेहार | 69.7 | कोडरमा | 62 |
| खूंटी | 69.53 | चतरा | 61.16 |
| मझगांव | 69.04 | बरही | 61.1 |
| ईचागढ़ | 69 | छतरपुर | 60.88 |
| सिमडेगा | 68.07 | बरकट्ठा | 59.01 |
| कोलेबिरा | 68.62 | हुशैनाबाद | 59.04 |
| चायबासा | 68.61 | हटिया | 58.02 |
| भवनाथपुर | 68.02 | कांके | 57.89 |
| तमाड़ | 67.12 | हजारीबाग | 57.65 |
| तोरपा | 67.03 | जमशेदपुर ईस्ट | 56.72 |
| चक्रधरपुर | 66.5 | जमशेदपुर वेस्ट | 55.95 |
| गढ़वा | 66.46 | रांची | 51.5 |
| बढ़कागांव | 66.32 | **टोटल** | **64.86** |

### ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में कम मतदान



वोट देकर प्रसन्न नजर आए सीएम



वोट देने के बाद कल्पना सोरेन

# बुलडोजर एक्शन को सुप्रीम कोर्ट ने बताया पूरी तरह असंवैधानिक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दाखिल हुई याचिकाओं के संबंध में सुनवाई की। इस दौरान बुलडोजर जस्टिस पर फैसला सुनाया। कहा ये असंवैधानिक है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता होना चाहिए कि उनकी संपत्ति को बिना किसी कारण के नहीं छीना जा सकता है। शीर्ष न्यायालय ने दोषियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन को असंवैधानिक और गैर-कानूनी बताया है। इसके साथ ही कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के संबंध में दिशा निर्देश भी तय कर दिए हैं। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि दिशा निर्देश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि घर हर किसी का सपना होता है और उस सपने को नहीं तोड़ा जाना चाहिए। आवास का अधिकार हर किसी के मूल अधिकार का हिस्सा होता है। बुलडोजर कार्रवाई से पहले नोटिस दिया जाना चाहिए। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि नोटिस के 15 दिनों के अंदर कोई भी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।



- कार्यपालिका कोई जज नहीं है, जो कि किसी भी व्यक्ति की संपत्ति को ध्वस्त करने का फैसला दे।
- कार्यपालिका द्वारा इस तरह की कार्रवाई कानून को अपने हाथ में लेने के बराबर है, जो कि किसी भी लिहाज से उचित नहीं

इस बीच, संबंधित पक्ष को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त मौका दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर निर्धारित प्रक्रिया को पूरी किए बगैर बुलडोजर एक्शन होगा, तो संबंधित अधिकारियों से हजार्ना भी वसूला जाएगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि किसी भी आरोपी के घर को इस आधार पर नहीं गिराया जा सकता है कि संबंधित व्यक्ति आपराधिक पृष्ठभूमि से है। इस तरह की कार्रवाई पूरी तरह से असंवैधानिक और गैर-कानूनी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा, अगर किसी की संपत्ति को महज इसलिए ध्वस्त किया जा रहा है, क्योंकि वो आपराधिक पृष्ठभूमि से है, तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक है। कार्यपालिका यह तय नहीं कर सकती है कि कौन दोषी है। वो जज बनकर यह फैसला नहीं कर सकते हैं कि किसे सजा देनी चाहिए और किसे नहीं। इस तरह की कार्रवाई पूरी तरह से लक्ष्मण रेखा पार करने के जैसा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। शीर्ष न्यायालय ने कहा, कार्यपालिका द्वारा इस तरह की कार्रवाई कानून को

शेष पेज 11 पर

## भाजपा नेता पूर्व मंत्री सधनु भगत का निधन

**लोहरदगा।** भाजपा के पूर्व विधायक व झारखंड सरकार में मंत्री रहे सधनु भगत का निधन बुधवार को लोहरदगा में हो गया। एकीकृत बिहार में वर्ष 1995 में पहली बार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने तथा दूसरी बार भी भगत ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर जीत दर्ज की और 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग होने के बाद झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी सधनु भगत के आकस्मिक निधन से पूरा भाजपा परिवार एवं लोहरदगा के लोग मर्माहत हैं। इनका जन्म 19 जनवरी 1946 को हुआ था। गुरुवार (14 नवंबर) को बक्शीडिपा स्थित जिला कार्यालय में सधनु भगत का पार्थिव शरीर लाया जाएगा। जहां पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव हेंसल बसारडीह ले जाया जाएगा।



# संथाल में आदिवासियों की संख्या आधी रह गयी : प्रधानमंत्री मोदी

### नया इतिहास रचने की तैयारी, एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण में आऊंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड के देवघर जिले की सारठ विधानसभा सीट पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार झारखंड की जनता नया इतिहास रचने को तैयार है। पीएम ने कहा 23 नवंबर के बाद मैं फिर से झारखंड आऊंगा और नई एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले चरण के तहत हो रहे मतदान में भी रोटी-बेटी और माटी बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। भाजपा ने जो गारंटियां दी हैं, उनके प्रति भारी समर्थन दिख रहा है। संथाल का क्षेत्र भी नया इतिहास रचने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी और विदेशियों की घुसपैठ पर चिंता जाहिर की।

शेष पेज 11 पर

### गोगो दीदी योजना में हर महीने हजारों रु बहनों के खाते में जमा होंगे



**मुख्य बातें**

- झामुमो-कांग्रेस ने बाहर से आये घुसपैठियों को यहां का निवासी बनाने के लिए हर साजिश की है। उनके लिए रातों रात कागज बनाया गया।
- घुसपैठियों ने आपका रोजगार छीन लिया और रोटी भी छीन ली। लेकिन झारखंड सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि यहां कोई घुसपैठ नहीं हुई है।
- कांग्रेसी हमारी बेटी-बहन को गालियां देते हैं। इनके पास ये हिम्मत इसलिए आई क्योंकि ये जानते हैं कि झामुमो को आदिवासी बेटी के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं है।
- भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाने का फैसला लिया। लेकिन झामुमो की साथी कांग्रेस ने मुर्मू को हराने में पूरी ताकत लगा दी और झामुमो चुप रही।

### एससी-एसटी, ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर आरक्षण को खत्म करने की साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। आज भी जिन राज्यों में एससी-एसटी और ओबीसी की आबादी ज्यादा है, वहां कांग्रेस का पत्ता साफ हो चुका है। ये लोग अब एसटी-एससी और ओबीसी की जो सामूहिक शक्ति बनी है, इसे तोड़ना चाहते हैं, टुकड़ों-टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। यहां अनेक जातियां हैं, कांग्रेस चाहती है कि ये सारी जातियां आपस में लड़ें। यहां अनेक जनजातियां हैं जो आपस में एकजुट हैं, उन्हें भी कांग्रेस लड़ाना चाहती है।

**इंडिया**

# कहीं सबसे कम तो कहीं रिकॉर्ड वोटिंग किसके सर ताज के संकेत



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण में 15 जिलों की 43 सीटों पर वोटिंग के आंकड़े आए उसमें राजधानी रांची में सबसे कम 51.50 % और उसके बाद हटिया जबकि सबसे ज्यादा सराईकेला खरसांवा में 72.19 % वोटिंग हुई । झारखंड में बीजेपी नित एनडीए और कांग्रेस-जेएमएम की इंडी गठबंधन में सीधी टक्कर है। ये चुनाव तय करेगा कि झारखंड में हेमंत सोरेन फिर सत्ता में आएंगे या फिर इस बार पिछली गलतियों विशेषतः 2019 से सीख लेकर आजसू,जदयू और एलजेपी के साथ गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ रही बीजेपी अपना खोया राज फिर से पाएगी । झारखंड में पहले फेज में आखिर किसका क्रेज है, इसका इशारा वोट प्रतिशत से मिलता है । इस बार मोटे तौर पर कुछ अपवादों को छोडकर रांची और हटिया के बूथों में उत्साह में कमी देखी गई जबकि चुनाव आयोग के अनुसार लोकसभा चुनाव के समय से ही इस बार का चुनाव सबसे अधिक सुविधायुक्त और खर्चीला है । इस बार शाम 5 बजे की सूचना जो दिन के 3 बजे तक की वोटिंग पर आधारित थी 64.86 % थी अगर हम 2019 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो राज्य में 63.9 % वोटिंग हुई थी। फाइनल आंकड़े में कुछ प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार सरायकेला-खरसावां जिले की सीटों पर सबसे अधिक 72.19 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया है, जबकि सबसे कम वोटिंग हजारीबाग जिले की सीटों में 59.13 फीसदी दर्ज की गई है। कोल्हान प्रमंडल की खरसावां सीट पर सबसे ज्यादा 77.32 प्रतिशत वोट पड़े हैं। रांची शहरी विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 51.50 मतदाताओं ने ही मताधिकार का इस्तेमाल किया है। जिन अन्य सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है, उसमें बहरागोड़ा में 76.15, लोहरदगा में 73.21, मांडर में 72.13, पोटका में 72.29, सरायकेला में 71.54, सिसई में 71.21 और बिशुनपुर में 70.06 प्रतिशत वोट रिकॉर्ड किया गया है। अंतिम अपडेट रात 12 बजे तक आने की बात झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार कह रहे थे पर रुझान के अनुसार देखें तो झारखंड में वोटिंग पर्सेंटेज पिछले विधानसभा चुनाव से ऊपर जा सकता है। इस बार बहरागोड़ा, खरसावां और घाटशिला समेत कोल्हान, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। हालांकि रांची और जमशेदपुर समेत अन्य शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा। चुनावी विश्लेषक ज्यादा वोट प्रतिशत सत्ता पक्ष के खिलाफ लहर के मानते हैं जबकि इसके बाद भी सरकारों ने सत्ता में वापसी की है। राजधानी रांची सहित अनेक स्थानों से बिना किसी कारण के वोटर लिस्ट से नाम हटाने की शिकायतें भी आईं। एबीपी न्यूज चैनल और मैट्रीज़ चुनाव सर्वेक्षण में तो भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी बताया है पर अभी कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी । वैसे ग्रामीण क्षेत्र इस बार भी शहरी क्षेत्रों से वोट देने में आगे हैं । देश की राजधानी दिल्ली की तरह झारखंड की राजधानी रांची के मतदाताओं ने भी निराश किया । सबसे अधिक पढे लिखे,संपन्न,नौकरीपेशा,व्यापारी और नेताओं का निवास स्थान रांची सबसे कम मतदान से संदेश दे रहा है कि उन कारणों की पड़ताल की जाए जो इस कलंक के कारक हैं । विधानसभा अध्यक्ष रवीद्र कुमार महतो को चुनावी मुक़द्दमे में जीत दिलाने वाले संवैधानिक मामलों के जानकार झारखंड हाइकोर्ट के वकील अरविंद कुमार लाल उस समय हक्के बक्के रह गए जब राणी सती स्कूल स्थित बूथ में उनकी पत्नी का नाम ही गोल था । कुछ स्थानों में बीएलओ ने अच्छा काम किया पर पोस्ट ऑफिस वालों की लापरवाही और वॉटर आईडी कार्ड में अपूर्ण पते के कारण वोटर वोट देने से वंचित रहे । अनेक पॉश इलाकों के लोगों में वोट के प्रति कोई उत्साह नहीं देखा गया जबकी आज रांची का मौसम बहुत ही सुहावना था और बूथों पर बिजली, पानी,चिकित्सा से लेकर दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं थीं । चर्चा थी कि ड्राइंग रूम की बहसों में सरकार,व्यवस्था से लेकर देश तक को कोसने वाले ये सुविधाभोगी लोग दिन भर सोने या घूमने फिरने में व्यस्त रहे पर आधे घंटे का समय नहीं निकाला जबकि राज्यपाल, मुख्यमंत्री,बड़े अधिकारी जैसे व्यस्त लोगों सहित वरिष्ठ पत्रकार और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी मतदान में भाग लेकर बड़ा संदेश दिया। रांची के राजकुमार कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी ने भी सपरिवार मतदान में भाग लेकर खुद के चुनाव के आइकन होने का फर्ज निभाया । वरिष्ठ पत्रकार और प्राध्यापक प्रकाश सहाय मतदान को कानूनन अनिवार्य बनाने की मांग करते हैं । बताया जाता है कि प्रतिभा पलायन भी कम मतदान का बड़ा कारण है । बड़ी संख्या में युवा पढ़ाई,नौकरी या रोजगार के सिलसिले में भारत या विदेशों में हैं जिनके नाम यहां की वोटर लिस्ट में है। अनेक लोगों की शिकायत है कि कई बार फोरम भरने के बाद भी उनका वोटर कार्ड नहीं बना । चुनाव आयोग को इन कारणों को तलाशने के साथ समाधान भी ढूंढना चाहिए जिसमें ओटीपी और आधार लिंक ऑनलाइन वोटिंग का भी विकल्प है।



## 18-19 को ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी20 शिखर सम्मेलन और कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने 16-21 नवंबर तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री ब्राजील में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर, के दौरान रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे। इसके अलावा गुयाना के अपने प्रवास के दौरान जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री की यात्रा पर एक विशेष पत्रकार वार्ता बुधवार को आयोजित की गई। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, सचिव पूर्वी जयदीप मजूमदार और सचिव ईआर दम्मू रवि उपस्थित रहे। विदेश सचिव ने बताया कि ब्राजील की प्रधानमंत्री की यह तीसरी यात्रा होगी। जी20 रियो शिखर सम्मेलन में गरीबी और भुखमरी पर वैश्विक गठबंधन लॉन्च किया जाएगा। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 16-17 नवंबर तक नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। यह 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भारत और नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने के लिए वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए आगे के अवसरों पर चर्चा करेंगे। वह नाइजीरिया में भारतीय समुदाय की एक सभा को भी संबोधित करेंगे।

# प्रथम चरण संपन्न, जीत के अपने-अपने दावे

## दो तिहाई से ज्यादा सीटें जीतेगा एनडीए : प्रतुल शाहदेव

- *भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पूरे राज्य में दिखी परिवर्तन की लहर*
- *कहा, अपनी सुनिश्चित हार से परेशान है ठगबंधन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को कहा कि पहले चरण के 43 विस सीटों में एनडीए दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर बड़ी जीत हासिल करेगा। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में जनता में उत्साह था। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग परिवर्तन के नाम पर वोट देते दिखे। उन्होंने ये बातें यहां मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता के दौरान कही।



प्रतुल ने कहा कि दरसल झारखंड की जनता झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार से मुक्ति चाहती थी। हेमंत सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड घपले-घोटाले हुए और पूरी की पूरी कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई। कहा कि जिस तरीके के रुझान मिल रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि झामुमो अपनी अनेक परंपरागत सीटों पर भी हारने की ओर अग्रसर है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोटो का प्रतिशत बढ़ने की प्रबल संभावना है। यह परिवर्तन का सूचक है।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि रांची और हटिया के गठबंधन प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायतें मिली थीं कि वे मतदान केंद्र के भीतर भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इसकी शिकायत भी चुनाव आयोग में की गई। हुसैनाबाद का एक पुलिस अधिकारी राजद के उम्मीदवार के पक्ष में कार्य कर रहा था। ऐसी सूचनाएं हैं कि अनेक जगहों पर भी राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों के जरिए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। जैसे-जैसे सूचना आ रही है, वैसे-वैसे चुनाव आयोग में शिकायत की जा रही है। अधिकारियों को टूल किट बनाना ठगबंधन की हार की बौखलाहट को साफ दर्शाता है।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग, सुरक्षा कर्मी, पुलिस प्रशासन का शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए साधुवाद करती है। चुनाव आयोग ने बहुत ही बेहतर व्यवस्था में चुनाव कराया। कई अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अभी तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। बूथों में भी बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेतागण पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी मतदान कर इस परिवर्तन की लहर में अपनी भागीदारी निभाई। प्रेस वार्ता में तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## इंडी गठबंधन दोबारा सरकार बनाएगी : सुप्रियो भट्टाचार्य

- *स्पष्ट जनादेश एवं जनता का आशीर्वाद हेमंत सोरेन के पक्ष में है*
- *हम अपने सभी संकल्पित निर्णयों को क्रियान्वित करेंगे*

**रांची (हि.स.)।** झारखंड में इंडी गठबंधन दोबारा सरकार बनाएगी। यह बात बुधवार को झामुमो के



केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कही। उन्होंने कहा कि छठे झारखंड विधानसभा के गठन के लिए बुधवार को प्रथम चरण के 43 सीटों पर झारखंड के मूलवासी ने स्पष्ट जनादेश एवं आशीर्वाद देकर यह स्पष्ट कर दिया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा दो तिहाई बहुमत के साथ झामुमो, राजद, कांग्रेस, माले सरकार बनाएगी। सुप्रियो ने कहा कि हम अपने सभी संकल्पित निर्णयों को क्रियान्वित करेंगे। खास कर रांची, हटिया, जमशेदपुर, आदित्यपुर, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चतरा, चांडिल, मानगो, जुगसलाई, घाटशिला, चाकुलिया एवं बहरागोड़ा के प्रबुद्ध मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि, यह पहला मौका है, जब इस मिथक को गलत ठहरा दिया गया है कि झामुमो को शहर के लोग पसंद नहीं करते हैं। झामुमो पूरे झारखंड, राज्य के गांव-टोलों से लेकर शहर के मुहल्ले एवं गलियों में समान रूप से लोगों के नित्य जीवन में जरूरी है और समाज का सबसे विश्वसनीय आवाज है। सुप्रियो ने कहा, आइए हम सब मिल कर इसी तरह आगामी 20 नवंबर को सुबह के 7 बजे से पंक्तिबद्ध होकर मतदान करें और झारखंड विरोधी एनडीए को इस राज्य से सदा के लिए विदा करें।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदान



**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा स्थित मॉडल उच्च विद्यालय में बूथ संख्या 374 पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने अपनी पत्नी आर जगथा के साथ मतदान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करते हुए अवश्य वोट दें। कहा कि यह मताधिकार आपका केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति आपका कर्तव्य भी है।

### वृद्ध महिला ने लगाया आरोप, कमल पर नहीं देने दिया गया वोट

**रांची।** एक वृद्ध महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वृद्धा वीडियो में बोल रही हैं कि वह कमल में देना चाहती थीं, लेकिन उनका वोट कांग्रेस में दिला दिया गया। वृद्धा वायरल वीडियों में बोल रही हैं, मैं कमल में वोट देना चाहती थी, लेकिन जो महिला सहारा देने के नाम मुझे पकड़ के ले गई, उसने दूसरे में वोट दिला दिया। उसने खुद कांग्रेस को वोट दिया और हमको भी कांग्रेस में दिला दी। हमको कमल में वोट नहीं देने दी। इस वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार नहीं करता है।

### आज योगी आदित्यनाथ की धनबाद बोकारो और बेरमो में जनसभा



**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धनबाद, बोकारो और बेरमो में गुरुवार (14 नवंबर) को जनसभा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 नवंबर को दिन में 11:30 बजे धनबाद जिले के निरसा नयाडांगा काली मंदिर मैदान में जनसभा करेंगे। वे बोकारो के सेक्टर-5 स्थित लाइब्रेरी ग्राउंड में दिन में 12:30 बजे से जनसभा करेंगे। वहीं, बेरमो स्थित कारगिल फुटबॉल मैदान में दिन में 2:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे।

### जिन्होंने लड़ा विस अध्यक्ष का केस, उनकी पत्नी का ही नाम वोटर लिस्ट से गायब



**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र की वोटर नीता लाल जब अपने मताधिकार का प्रयोग करने बूथ पर पहुंचीं, तो उन्हें पता चला कि उनका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है। हालांकि, उनके पास वोटर कार्ड है। नीता लाल हाई कोर्ट के अधिवक्ता अरविंद लाल की पत्नी है। पिछले दिनों उन्होंने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो का केस लड़ा था, और जीता भी था। अरविंद लाल ने बताया कि इस मामले कि शिकायत करने के लिए उन्होंने जब रांची डीसी को फोन किया, तो डीसी ने कहा कि अभी इस पर कुछ नहीं कर सकते हैं। वोटर लिस्ट से नाम कब गायब हो गया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है कि फ्रेंड कॉलोनी के कालीचरण सिंह का नाम मृत बता कर काट दिया गया है, जबकि वे जीवीत हैं। एक और कालीचण नाम के व्यक्ति हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। यहां पर लापरवाही बरती गई है। जीवित कालीचरण को मृत और मृत कालीचरण को जीवित बताया गया है। इन्हीं मामलो के बीच एक और मामला सामने आया है, जो हटिया विधानसभा क्षेत्र का है। हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 382 में मुनिनाथ यादव ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। जबकि, वर्ष 2019 के चुनाव में उन्होंने ने वोट दिया था। उस समय वोटर लिस्ट में उनका नाम था, लेकिन वर्ष 2024 के चुनाव में वोटर लिस्ट में नाम नहीं है।

## हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने किया मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र के संत फ्रांसिस स्कूल, हरमू में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मतदान के लिए पहुंचे। उन्होंने संत फ्रांसिस स्कूल हरमू के बूथ संख्या 290 पर मतदान किया। इसके अलावा, पार्टी के कई लोग हेमंत सोरेन के साथ पहुंचे थे। हालांकि, इससे पहले ही हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से मतदान करने की अपील की। मतदान के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूरे झारखंड में उत्साह का माहौल है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा अधिकार है। झारखंड में आई एनडीआईए (इंडिया) की स्थिति मजबूत है। गठबंधन का परचम लहरेगा।

## विधानसभा चुनाव में नक्सली डर पर भारी पड़ा लोकतंत्र के पर्व का उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव में राज्य के अति नक्सल प्रभावित माने जाने वाले क्षेत्रों में पूर्व के भय और दहशत पर मतदाताओं का उत्साह भारी पड़ा। मतदान प्रारंभ होने के साथ ही मतदाता लोकतंत्र में आस्था दिखाते हुए घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर कतारबद्ध होकर मतदान में हिस्सेदारी निभाई। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या-254 प्राथमिक विद्यालय कोलबंगा तथा मतदान केंद्र संख्या-255 उत्क्रमित विद्यालय रबांगा के क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा मतदान बहिष्कार के संबंध में पोस्टरबाजी और मतदाताओं को धमकी की भी सूचना प्राप्त हुई। सुरक्षा बलों द्वारा



सफलतापूर्वक पोस्टर हटा दिया गया और शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। यहां के मतदाता सुरक्षाबलों की तैनाती में निडर होकर मतदान कर रहे हैं। गुमला जिले के कुरुमगढ़ के 7 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां झारखंड राज्य गठन के बाद पहली बार मतदान हो रहा है। अति उग्रवाद प्रभावित होने के कारण मतदाता मताधिकार से वंचित रह जाते थे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल कर उत्साहित हैं। नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़ के वोटर लोकतंत्र में विश्वास दिखा रहे है। एक समय जहां नक्सलियों के डर से लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे, वहीं आज भारी संख्या में उत्साहित होकर मतदान कर रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने आईपीएस किशन सहाय मीणा को किया सस्पेंड

**रांची।** राजस्थान कैडर के आईपीएस किशन सहाय मीणा को बिना अनुमति ड्यूटी से वापस राजस्थान लौटना महंगा पड़ गया।



चुनाव आयोग ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए आईपीएस किशन सहाय मीणा को सस्पेंड कर दिया है। 2004 बैच के आईपीएस किशन सहाय मीणा को गुमला में पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था। उन पर बिना अनुमति के ड्यूटी छोड़ने का आरोप है। अब उनकी जगह दूसरे पुलिस अफसर की तैनाती कर दी गई है। इसकी पुष्टि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने की।

### शाह आज गिरिडीह गांडेय और डुमरी में करेंगे जनसभा

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह आज को गिरिडीह, गांडेय और डुमरी में जनसभा करेंगे। बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 नवंबर को गिरिडीह जिले के सीहोडीह स्थित आम बागान में दिन में 11:30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, दिन में 01:15 बजे से गांडेय के महेशमुंडा के कुसुंभा में जनसभा करेंगे। गृह मंत्री बोकारो जिले के डुमरी के ऊपरघाट स्थित कंचकीरो फुटबॉल मैदान में दिन में 03:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे।

## प्रथम चरण के चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के नौ मामले दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा निर्वाचन, 2024 के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत तमाड़, रांची, हटिया, कांके एवं मांडर विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को संध्या 05:00 बजे तक मतदान हुआ। मतदान के बाद सभी पोल्ड ईवीएम कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा रांची अवस्थित वज्रगृह में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए चिह्नित हॉल में जमा किए गए।

इसी क्रम में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 57 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीएम, कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 21 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीएम एवं मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 10 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीएम सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व पी+1 डे वज्रगृह में जमा किए जाएंगे।

प्रथम चरण में अब तक कुल 09 आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में एफआईआर दर्ज हुआ है। प्रथम चरण के मतदान के दिन रांची जिला अंतर्गत कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें कि रांची विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी के विरुद्ध झामुमो का चुनाव चिह्न का पट्टा पहन कर खुलेआम बूथ पर घूमने एवं मतदान के दिन प्रेस के समक्ष मतदाताओं को प्रभावित करने के संबंधी वक्तव्य दिए जाने की शिकायत की गई है। इसपर आवश्यक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। इसके अलावा हटिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बूथों पर कांग्रेस प्रत्याशी के चित्र लगी हुई पर्ची बांटने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है। इसपर आवश्यक जांच की जा रही है।

मतदान प्रक्रिया में प्रथम चरण अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में खराबी आने के फलस्वरूप उन्हें रिप्लेस किया गया वहीं, प्रथम चरण के चुनाव में तमाड़, रांची, हटिया, कांके एवं मांडर विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांति पूर्वक संपन्न कराया गया।

## झारखंड की जनता कर रही परिवर्तन की अगुवाई : मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मतदाताओं का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य में संपन्न प्रथम चरण के चुनाव के बाद 43 विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। उनहोंने कहा कि राज्य की जनता ने मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। गांव गरीब, किसान मजदूर मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया। कहा कि झारखंड की जनता परिवर्तन की अगुवाई कर रही है। राज्य सरकार से त्रस्त महिला शक्ति बहनों ने गुंडे बदमाशों की संरक्षक बनी राज्य



सरकार को हटाने केलिए मतदान किया। उन्होंने चुनाव आयोग, मतदानकर्मियों सहित पुलिसकर्मियों को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने केलिए आभार प्रकट किया।

## हमने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का लिया है संकल्प : सीएम




- *मुझ पर झारखंड के गरीबों का आशीर्वाद है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता*

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के महुदा और निरसा के अलावा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर में बुधवार को चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर हवाई पट्टी पर इंडिया गठबंधन से भाकपा माले के उम्मीदवार चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। संप्रदाय फैलाने वालों को खदेड़ने का संकल्प लिया है। झारखंड अलग होने के बाद 20 वर्षो तक इन्हीं व्यापारियों (भाजपा) ने राज्य में शासन किया और झारखंड को कीचड़ में धकेलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ 20 वर्षों के इनके शासन से राज्य बर्बाद हुआ, बल्कि इनके केंद्र सरकार के कारण आज लोग देश से पलायन कर रहे है।

सोरेन ने कहा कि पिछले एक साल से असम के सीएम सुपारी लेकर उनकी सरकार गिराने के लिए राज्य में घूम रहे हैं। वे सरकार गिराने में तो सफल न हो सके, हां वो मुझे जेल भेजने में अवश्य सफल रहे, लेकिन मुझ पर झारखंड के गरीबों का आशीर्वाद है। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनती है, तो अगले दिसंबर के महीने से 1000 की जगह 2500 रुपये उनके खाते में जाने लगेगा और अगले 5 वर्षों में सभी को एक लाख रुपये देने का काम उनकी सरकार करेगी।

हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान उनकी सरकार ने सबसे बेहतरीन कार्य किया। आपदा में भी झारखंड सरकार ने प्रवासी मजदूरों को सही सलामत उनके घरों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सिंदरी के विधायक भी कोरोना बीमारी की चपेट में आए और उनके इलाज का खर्च भी अभी तक झारखंड सरकार ही उठा रही है।

### शिवराज सिंह चौहान की बिरनी में जनसभा आज

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज



सिंह चौहान गुरुवार (14 नवंबर) को बिरनी प्रखंड में जनसभा और देवघर में प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री 14 नवंबर को दिन में 12:30 बजे से गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के भरकट्ठा स्थित हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दिन में 2:15 बजे से देवघर जिले के जिला कार्यालय में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### साहिबगंज में हिमंता बिस्वा सरमा की जनसभा आज

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री



हिमंता बिस्वा सरमा गुरुवार (14 नवंबर) को साहिबगंज में जनसभा करेंगे। हिमंता 14 नवंबर को साहिबगंज के उधवा मैदान में तदन में 12:00 बजे से जनसभा करेंगे। सरमा दिन में 2:00 बजे से साहिबगंज जिले के राधा नगर हाई स्कूल मैदान में लोगों को संबोधित करेंगे।





झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रांची विस क्षेत्र में बुधवार को मतदान हुआ। एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतार में खड़े मतदाता। (फोटो : आईएएनएस)

## महेंद्र सिंह धोनी ने किया मताधिकार का प्रयोग



रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव के मतदाता जागरूकता आइकॉन रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी ने बुधवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने अपने परिवार के साथ जेवीएम शामली स्कूल स्थित अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग किया। धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी, पिता पान सिंह और मां देवकी देवी ने भी अपने मत का प्रयोग किया।

### अपनी-अपनी उम्मीदों को लेकर वोट देने आए थे मतदाता

# रांची में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को राज्य के 43 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। रांची जिला अंतर्गत 05 सीटों पर भी मतदाताओं ने वोट दिया। मतदान की सारी तैयारियां मंगलवार को ही पूरी कर ली गई थीं। बुधवार को सुबह 7 बजे से मतदाताओं ने अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान किया। हालांकि, विधानसभा चुनाव 2024 में शहरी इलाकों में लगभग सभी मतदान केंद्रों पर उम्मीद के अनुसार मतदाता नहीं पहुंचे। शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ नहीं के बराबर दिखी। रांची में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदाता अपनी-अपनी उम्मीदों को लेकर वोट देने आए थे। मतदाताओं से बात की गई, तो उन्होंने वोट के बारे में अलग-अलग विचार व्यक्त किए।



## झारखंड की जनता को मिले रोजगार

मतदाता बिनु शर्मा ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर में मौजूद बूथ पर मतदान के बाद कहा- झारखंड में युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार चाहिए। आज की तारीख में झारखंड के युवा सबसे ज्यादा बेरोजगारी का शिकार हो रहे हैं। जिसकी भी सरकार बने, वे रोजगार पर सिर्फ चर्चा नहीं, बल्कि रोजगार देने का काम करें।

## आदिवासियों के लिए काम करने वाली सरकार चाहिए

मतदाता नेहा तिग्गा ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर में मौजूद बूथ पर मतदान के बाद कहा, मैं दूसरी बार मतदान कर रही हूं और दूसरी बार भी बेहतर भविष्य और आदिवासियों के लिए कुछ बढ़िया होने की उम्मीद के साथ मतदान कर रही हूं।

## धर्म विशेष के नाम पर पाबंदी ना लगाने वाली सरकार हो

मतदाता गजाला तसनीम ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर में मौजूद बूथ पर मतदान के बाद कहा, ऐसी सरकार हो जो सुकून और शांति जनता के बीच बरकरार रखे। सरकार सबको साथ लेकर चले, धर्म विशेष के नाम पर किसी तरह की नाजायज पाबंदी ना लगाए, ऐसी सरकार हो।

## नई सरकार चाहिए

हटिया विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे रोशन सिन्हा और स्मृति सिन्हा ने 'कैसी सरकार चाहिए' पूछे जाने पर कहा, बस मौजूदा सरकार की तरह सरकार नहीं चाहिए।

## सरकार का कर्ज था, उतार दिया

रांची विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 371 पर मतदान करने आई बुजुर्ग महिला ने क्यों मतदान करने आई हैं, सवाल पूछे जाने पर कहा- सरकार की चीज थी उसे लौटा दिया। हालांकि, उन्होंने अपना नाम नहीं बताया, लेकिन अपने पति की ओर इशारा करते हुए कहा- ये हैं मेरे सरकार।

## सरकार से कोई उम्मीद नहीं

रांची विधानसभा क्षेत्र के चुटिया स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे मतदाताओं ने कहा- झारखंड में किसी भी सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। मतदान करना हम मतदाताओं का कर्तव्य है, इसलिए हमने मतदान किया है।

## उत्साहित थे वॉलेंटियर बने स्कूली छात्र

रांची जिले के विधानसभा क्षेत्रों में ज्यादातर मतदान केंद्र विद्यालयों में थे। वहां स्कूली छात्राओं को मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को सही तरीके से मतदान करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रांची विधानसभा क्षेत्र के चुटिया में मौजूद योगोदा सत्संग कन्या विद्यालय में मौजूद बूथ पर तैनात छात्रा तमन्ना, प्रिया कुमारी और अनुष्का कुमारी ने कहा, बहुत कुछ सीखने को मिला। वॉलेंटियर बनाए जाने के कारण हमें यह समझ में आया कि मतदान कैसे करना चाहिए। चुनाव से जुड़ी कई चीजें हमने सीखी। पहली बार ऐसा मौका मिला, जिससे नया अनुभव हुआ है। वहीं, छात्राओं ने कहा- हमे अपने वक्त का इंतजार है जब हमारा पहला मतदान का समय आएगा, तो हिचकिचाहट नहीं रहेगी।

## रोजगार सृजन हो

एक मतदाता अमित कुमार ने कहा, महंगाई कम हो शिक्षा व्यवस्था को ठीक की जाए। रोजगार सृजन हो और पेपर लीक की समस्या खत्म किया जाए, ताकि युवाओं की मेहनत बर्बाद नहीं हो। मौजूदा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, लेकिन इस बार बदलाव की उम्मीद है। बनने वाले नए सरकार पर भरोसा भी जाहिर किया।



रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को अपनी पत्नी कंचन सिंह के साथ मतदान किया।



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव और उनकी धर्मपत्नी डॉ विद्या झा ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के डीएवी कपिल देव स्कूल में स्थित बूथ पर अपना वोट दिया।




झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान बुधवार को रांची में अपना वोट डाला।



वोट डालने के बाद अपनी उंगली पर लगी स्याही को दिखाती रांची विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार महुआ माजी।





राजकीय मध्य विद्यालय पंडरा में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था।

## राज्य के भविष्य का चुनाव...



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ रांची के संत कोलंबस स्कूल बूथ नंबर 91 ओटीसी मैदान में मतदान किया।




रांची में रितिका लोधा ने प्रथम बार मतदान किया। उन्होंने कहा, वोट देना मेरा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है।



## रांची के बूथों पर कम दिखी भीड़

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 43 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 50 मॉडल मतदान केंद्र बनाए गए थे। रांची जिले में तीन मॉडल मतदान केंद्र बने थे। एक तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में, दूसरा ओरमांझी से आगे कर्क रेखा जहां से गुरती है, वहा पर और तीसरा मोरहाबादी स्थित रेड क्रॉस के पास। रेड क्रॉस के पास मॉडल बूथ को अच्छी तरह से सजाया गया है। इस बूथ में चाय-कॉफी की भी व्यवस्था की गई थी। मॉडल बूथ पर लोटा में पानी ले कर आम के पत्ते से वोटरों पर छिड़का जा रहा था और पुष्प वर्षा की जा रही थी। हालांकि, रांची और कांके विधानसभा क्षेत्र में वोट देने वालों की भीड नहीं थी। बूथ खाली खाली से थे। लोग आ रहे थे और वोट दे कर चले जा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां वोट देने के लिए लाइन लगी हुई थी, वहीं रांची में बूथ पर बहुत कम वोटर देखे गए।



वोट डालने के बाद विजय चिह्न बनाते रांची विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार सीपी सिंह।

## एक नजर

### बुढ़मू में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के सभी 82 बूथों पर मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जानकारी के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र के बूथ नंबर 62, 71, 99, 101, 111 व 122 में ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण आधे घंटे देर से मतदान शुरू हुआ। प्रखंड क्षेत्र में कुल 71.75 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है। उमेडंडा के बूथ संख्या 75 में 100 वर्षीय सुखो देवी द्वारा मतदान किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सचिदानंद कुमार वर्मा व बीडीओ धीरज कुमार के द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया।

### इटकी प्रखंड में 74.75 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान

**इटकी।** प्रखंड में बुधवार को 74.75 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं विधानसभा चुनाव के इस महापर्व में हिस्सा बनने के लिए निर्धारित समय से पहले सुबह छह बजे से मतदान केंद्र के सामने कतार में खड़े थे। सात बजते-बजते मतदाताओं की लंबी कतार लग गई। सुबह नौ बजे तक 17.68 प्रतिशत और 11 बजे तक 35.91 प्रतिशत तथा एक बजे तक 53.74 प्रतिशत हो चुका था। वही तीन बजे तक 68.12 प्रतिशत और पांच बजे तक 74.75 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रखंड के 42,590 मतदाताओं में 31,838 मतदाताओं ने अपना मतों का प्रयोग किया। इसमें महिला मतदाता 16,270 और पुरुष 15,568 हजार मतदाताओं ने वोट डाला। जबकि 14 दिव्यांग मतदाताओं ने भी वोट डाले। वहीं सबसे अधिक 333 नंबर बूथ पर 86.8 वोट डाले गए, जबकि सबसे कम 361 बूथ पर 62.9 मतदान किया गया। शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने के लिए प्रखंड को चार जोन में बांटा गया था।

### शहर के आठ इलाकों में आज सस्ते दर पर मिलेगा प्याज

रांची। केंद्र सरकार की ओर से प्याज की बढ़ी कीमतों से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से सस्ते दर पर प्याज की बिक्री कराई जा रही है। इस कड़ी में गुरुवार को शहर के आठ अलग-अलग इलाकों में वैन के जरिए 35 रुपए प्रति किलो की दर पर प्याज की बिक्री की जाएगी। इनमें कोकर अयोध्यापुरी, पुंदाग, एनसीसीएफ ऑफिस, सिंह मोड़, बूटी मोड़, धुर्वा सेक्टर-1, प्लाजा सिनेमा और बिरसा चौक शामिल हैं। बता दें, प्याज की कीमत पिछले काफी समय से 60 रुपए से ऊपर है। बुधवार को शहर के कई सब्जी बाजारों में यह 70 रुपए प्रतिकिलो की दर पर बिका। वहीं, रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू होने से आम लोग राहत महसूस करेंगे।



तमाड़ के आराहंगा बूथ पर वोट देने के बाद स्याही लगी उंगली को दिखाते मतदाता। नक्सल समस्या के कारण पहले आरहंगा पोलिंग बूथ को रिलोकेट किया जाता था।

### रातू में 71.27 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान

**रातू।** हटिया विधानसभा चुनाव को लेकर रातू तथा आसपास के 94 बूथों पर शाम पांच बजे तक 71.27 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पूर्व बुधवार की सुबह सात बजे से सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान शुरू हुआ। सुबह सात बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ लग गई थी। सभी मतदान केंद्र पर मतदानकर्मी और पुलिसकर्मी सुबह पांच बजे पहुंच गए थे। पोलिंग एजेंट के नहीं आने पर सुबह 5.30 बजे बीएलओ और मतदानकर्मियों ने मॉकपोल शुरू कर दिया। मॉकपोल के दौरान तकनीकी खराबी के कारण बूथ संख्या 27 का कंट्रोल यूनिट बदला गया। वहीं बूथ संख्या 30 पर दिन के 11 बजे से 12.30 बजे वीवीपैट में खराबी होने के कारण डेढ़ घंटे मतदान बाधित रहा। चुनाव को लेकर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। साथ ही मतदाता केंद्र में प्रथम वोट करनेवाले युवा मतदाताओं को पीठासिन पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बेड़ो प्रखंड में 73.04 प्रतिशत हुआ मतदान

# सबसे ज्यादा वोट बूथ संख्या 215 में 88.60 प्रतिशत और सबसे कम वोट बूथ संख्या 235 में 55.97 प्रतिशत पड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो प्रखंड में मतदान बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। विधानसभा के कुल 17 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 23 नवंबर को पंडरा में मतगणना के बाद आएगा। बेड़ो प्रखंड में कुल 92 हजार सात सौ चालीस जिनमें महिला 47086 और पुरुष 45653 और एक वोटर जेंडर मतदाता है। वहीं बुधवार को हुई चुनाव में प्रखंड में कुल 67736 मतदाताओं ने मतदान किया जो कुल मतदान का 73.04 प्रतिशत रहा। जिनमें प्रखंड के 32649 पुरूष मतदाता और 35087 महिला मतदाता ने मतदान किया। जहां पुरुषों की तुलना में 2435 महिलाओ ने अधिक मताधिकार का प्रयोग किया।



जहां सर्वाधिक वोट राजकीय प्राथमिक विद्यालय टिकराटोली बूथ संख्या 215 पर कुल 816 मतदाताओं में से 723 मतदाताओं ने वोट डाले जो 88.60 प्रतिशत रहा। जबकि सबसे कम मतदान राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो बूथ संख्या 235 में कुल 854 मतदाताओं में 478 मतदाताओं ने मतदान किया। जो मतदान प्रतिशत 55.97 रहा। 18 मतदान केंद्रों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मतदान कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। मतदान केंद्र संख्या 210, 211, मतदान केंद्र संख्या 212, 313, 215, 223, 228, 229, 237, 239, 306, 313, 244, 248, 263, 275, 294, एवं 304 में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का रिकॉर्ड किया गया। चुनाव में महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखी गयी। जो घंटों लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इधर जनरल ऑब्जर्वर आर गिरीश ने राजकीय मध्य विधालय पुरियो कन्या में बुथ 216, 217, 218 और राजकीय प्राथमिक विधालय सेमरा बूथ 222 का भौतिक निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर निवार्ची पदाधिकारी सह मुख्य दण्डाधिकारी बीडीओ राहुल उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना बेड़ो प्रभारी नकुल साह, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, जेई सद्दाम, बीपीओ संजय कुमार , नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने विभिन्न बूथों में गश्ती करते रहे।

### खाटू नरेश श्री श्याम बाबा को अर्पित किया गया खीर चूरमा का भोग



रांची। राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को कार्तिक द्वादशी के पावन अवसर पर खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संध्या छह बजे से किया गया। इसका आयोजन श्री श्याम मंडल, रांची ने किया था। आज के भोग के मुख्य यजमान ओम प्रकाश जोशी ने अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया। सबसे पहले मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं जोशी परिवार ने गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। द्वादशी तिथि के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण बड़ी संख्या में आए। श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन मार्ग के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया था तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, विकाश पाडिया, बालकिशन परसरामपुरिया, जितेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश सारस्वत, नितेश लखोटिया, अमित जलान का सहयोग रहा।

### महिला वोटरों में दिखा उत्साह, कहा बिना दबाव के दिया वोट

**खलारी।** लोकतंत्र के इस महापर्व में आधी आबादी महिलाओं में मतदान को लेकर पूरा उत्साह दिखाईं दिया। महिलाओं ने बढ़चढ़ कर मतदान करते हुए अपनी ताकत दिखाई। बूथों पर दिनभर महिलाओं की कतार नहीं टूटी। निर्भीक होकर वोट डाला। खलारी प्रखंड में महिला मतदाताओं की संख्या 27490 है। सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई। ग्रामीण इलाकों में पुरुषों की अपेक्षा महिला की लाइन लंबी दिखाई पड़ी। मुस्लिम महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया।

### पहली वोट डालने के लिए उत्साहित थे नए मतदाता

पहली बार वोटर बने नए मतदाता अपना वोट डालने के लिए उत्साहित दिखे। अधिकतर नए मतदाता अपने अभिभावक के साथ मतदान केंद्र पहुंचे थे। नए मतदाताओं ने कहा कि इस बार से वे भी इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा हो गए हैं। नए मतदाता में जीनत परवीन, आयुष वर्मा, गुड़िया कुमारी, खुशी रानी, रूद्राणी मिश्रा, इंदु कुमारी, रितिक वर्मा आदि शामिल थे।

## खलारी में हुआ 57.79 प्रतिशत मतदान

**खलारी। खलारी प्रखंड के 60 मतदान केंद्रों में 57.79 प्रतिशत मतदान हुआ। इसबार का मतदान प्रतिशत वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के लगभग बराबर है। 2019 में 57.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। हालांकि वोट देने वालों की संख्या बढ़ी है। इस बार खलारी में कुल 56806 मतदाता हैं। इसमें 32828 मतदाताओं ने वोट दिया।**

# खलारी के 60 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी प्रखंड क्षेत्र के 60 बूथों में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। खलारी में 57.79 प्रतिशत मतदान हुआ। 2019 के विधानसभा चुनाव में 57.64 फीसदी मतदान हुआ था। खलारी प्रखंड को प्रशासनिक दृष्टिकोण से छह कलस्टर में बांटा गया था। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ। इसके पहले से ही लोग मतदान के लिए लाइन लगाकर खड़े थे। अधिकांश बूथों पर बारह बजे तक आधा से अधिक मतदाता वोट दे चुके थे। उसके बाद मतदान कुछ धीमा हो गया। सुरक्षा व्यवस्था में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, बीएसएफ व एसएसबी पारामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला पुलिस बल के जवान लगे थे।कई बूथों पर वोलेन्टीयर्स बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मदद करते दिखे। सात बूथों पर अपराह्न चार बजे तक तथा शेष 53 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। प्रत्याशियों के पोलिंग एजेन्टों की मौजूदगी में ईवीएम को सील किया गया।

### बूथ संख्या 31 में एक घंटे देर से शुरू हुआ मतदान

खलारी के बूथ संख्या 31 में ईवीएम मशीन में खराबी आ जाने के कारण सुबह सात बजे से मतदान शुरू नहीं हो सका। मतदानकर्मियों के प्रयास के बाद भी मशीन ठीक नहीं हुआ। अंततः रिजर्व ईवीएम को वोटिंग के लिए लगाया गया, इसके बाद सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ।

### बुलंद हौसले के साथ बुजुर्ग व दिव्यांगों ने किया मतदान

खलारी के दिव्यांग व बुजर्ग मतदाताओं ने भी वोट डालने में हौसला दिखाया. वोट डालने के प्रति उनका जज्बा दिखाई दे रहा था। मजबूत इरादे के साथ अपनी बैसाखी व ट्राई साइकिल के सहारे दिव्यांग मतदाता बूथ तक पहुंचे। ढलती उम्र भी मतदान के प्रति बुजुर्गो का उत्साह कम नहीं कर सकी। दिव्यांग में जनता हाई स्कूल खलारी स्थित बूथ संख्या 18 पर धन्ना गंझू तथा राउमवि डुन्डू स्थित बूथ संख्या 58 में देवनारायण ठाकुर वोट डालने आए थे। इधर कई ऐसे मतदाता भी दिखे जो वर्तमान में खलारी से बाहर रांची में रह रहे हैं, वे रांची से आकर अपना वोट डाल गए।

## न्यूज बॉक्स



मध्य विद्यालय, पंडरा में 12 बूथ बनाए गए हैं। वॉलेंटियर के रूप में बूथ के बाहर तैनात स्कूली छात्रा



मांडर से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने बुधवार को अपने गांव बदरी बछउ, चान्हो में सपरिवार मताधिकार का प्रयोग किया।



राजकीय मध्य विद्यालय पंडरा में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था

### संजय सर्राफ ने हातमा में किया मतदान




रांची। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय हातमा कांके रोड में मतदान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आपका मत आपकी ताकत है। मताधिकार का प्रयोग करना न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य भी है। मतदान हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मताधिकार का प्रयोग कर अपने राज्य के भविष्य को आकार दें।

### भाजपा ने की आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रांची।** भाजपा ने निर्वाचन आयोग से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की है। चुनाव के एक रात पहले मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार द्वारा पैसा भेजने के खिलाफ भाजपा बुधवार को चुनाव आयोग पहुंची और कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली राशि चुनाव के एक दिन पहले रात में किसके आदेश पर दी गई। चुनाव आयोग को बताया गया कि हर महीने के 6-7 तारीख को मंईयां सम्मान योजना का पैसा खाते में जाता था, लेकिन चुनाव के ठीक एक रात पहले इस बार भेजा गया, जो सही नहीं है। कहा कि चुनाव के चक्कर में मंईयां को एक सप्ताह इंतजार करना पड़ गया। इससे दुर्भाग्य और क्या होगा। इसके अलावा, हटिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव की हर बूथ पर पर फोटो युक्त पर्ची बंटने की भी शिकायत की गई। महुआ माजी चुनाव के दौरान चुटिया में पार्टी का पट्टा पहनकर घूम रही हैं, उनके खिलाफ भी शिकायत की गई है। कहा कि हुसैनाबाद में संजय कुमार यादव नाम के एक थाना प्रभारी हैं, जो खुलेआम राजद के समर्थन में काम कर रहे हैं और भाजपा के कई कार्यकताओं को पीट कर बंद कर दिए हैं, उन्हें सस्पेंड किया जाए।

# मांडर व चान्हो में शांतिपूर्ण हुआ मतदान, लोगों में दिखा उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो**

विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बुधवार को हुए मतदान में मांडर और चान्हो में मतदान कार्य शांतिपूर्ण रहा। मांडर प्रखण्ड में कुल 10365000 मतदाता हैं, जिसमें 52304 महिला हैं और 50860 मतदाता पुरुष हैं। मांडर प्रखण्ड में कुल 73.51 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा मतदान राजकीय प्राथमिक विद्यालय डुमरी में 89.55 प्रतिशत रहा। वहीं चान्हो प्रखण्ड में कुल 86843 मतदाता है। जिसमें 44480 महिला मतदाता है और 2362 पुरुष मतदाता है। चान्हो में कुल 72.12 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इस बार क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखते बन रहा है। महिला मतदाता भी सुबह से ही मत का प्रयोग के लिए लाइन में लगे रहे। साप्ताहिक बाजार जाने वाले मतदाताओं ने भी पहले मतदान किया फिर बाजार गए। दुकान दारों ने भी पहले अपना मत का प्रयोग किया, फिर काम में लगे। मांडर में सभी 112 मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र बनाए गए थे और चान्हो में कुल मॉडल मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## लापुंग प्रखंड में रिकार्ड 69.02 प्रतिशत हुआ मतदान

# महिलाओं ने मारी बाजी, पुरुषों की अपेक्षा 1788 अधिक महिलाओं ने किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दौरान जमकर मतदान हुआ। मतदाताओं में भारी उत्साह और उल्लास देखा गया। वहीं लोकतांत्रिक प्रणाली से अपने मतों का प्रयोग किया। कई बूथों पर मतदान के रिकॉर्ड टूटे। पिछले कई चुनावों के बाद पहली बार मतदाताओं में इतना उत्साह और उल्लास देखा गया। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो एवं कांग्रेस की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की सहित भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी जागरे उरांव सहित अन्य प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के पक्ष में पहली बार इतना सकारात्मक समर्थन क्षेत्र में देखा गया। कुछ सूत्रों ने बताया कि



चुनाव में इस बार जमकर धनराशि का प्रयोग हुआ है। महिला समूह के बीच वोटों को लेकर धनराशि का उपयोग किया गया। हालांकि इसका कोई प्रमाण नहीं मिला लेकिन क्षेत्र में अफवाहों का बाजार भी गर्म रहा। लापुंग प्रखंड में पिछले चुनाव से 64% से बेहतर प्रदर्शन हुआ और इस बार 69.02 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। लापुंग प्रखंड के 65 बूथों में कुल मतदाता 54566 में से कुल 37660 मतदाताओं ने अपना मतदान का प्रयोग किया। जिनमें 17936 पुरूषों का मतदान रहा वहीं 19724 महिलाओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। लापुंग प्रखंड में मतदान में एक बार फिर महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ दिया। पुरुषों की अपेक्षा 1788 महिलाओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। लापुंग प्रखंड में सबसे अधिक मतदान मतदान केंद्र संख्या 401 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगंज में रिकॉर्ड किया गया जहां 83.72 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि सबसे कम मतदान मतदान केंद्र संख्या 376 राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. में रिकॉर्ड किया गया जहां केवल 55.06 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोयनारा के मतदान केंद्र संख्या 416 पूर्वी भाग में 81.08 प्रतिशत एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोयनारा के मतदान केंद्र संख्या 417 पश्चिमी भाग में 81.66 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। मतदाताओं का उत्साह इतना था कि कई मतदान केंद्रों में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान रिकॉर्ड किया गया। पिछले कई चुनावों की अपेक्षा इस बार चुनाव बहुत जबरदस्त रहा।

# बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में चार गिरफ्तार, ईडी ला रही रांची

- गिरफ्तार आरोपियों में दो बांग्लादेशी नागरिक
- फर्जी आधार कार्ड व अवैध हथियार बरामद हुए थे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में ईडी ने दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी की टीम ने मंगलवार को इस मामले को लेकर झारखंड और पश्चिम बंगाल में कुल 17 ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मिले सबूत के आधार पर ईडी की टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल और समीर चौधरी के अलावा भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बसु मुखर्जी शामिल हैं। चारों पर मानव तस्करी में संलिप्तता, बांग्लादेशी घुसपैठ करवाने, उनके फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट आदि बनवाने के आरोपों की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार हुए सभी लोगों को बुधवार को कोलकाता स्थित कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी के अधिकारी बुधवार को रांची के लिए रवाना हो गए हैं। इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ ईडी के अधिकारी रांची में करेंगे। मंगलवार की छापेमारी में आरोपितों के ठिकाने से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज, नकदी, गहने, प्रिंटिंग के कागजात, प्रिंटिंग मशीन, फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए खाली फॉर्म व कागजात की बरामदगी हुई हुई थी। गौरतलब है कि ईडी ने रांची के बरियातू थाने में चार जून 2024 को कांड संख्या 188/2024 को धोखाधड़ी, जालसाजी व विदेशी अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लांड्रिंग के तहत केस किया था।

## एक नजर

### दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर जागरूक मतदाता होने का दिया संदेश

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से मतदान केन्द्रों में मतदान शुरू हो गया। इसमें दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर समेत अन्य व्यवस्था की गयी थी। मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त वॉलेंटियर दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने पर मदद किया। दिव्यांग और वृद्ध मतदाता मतदान कर जागरूक मतदाता होने का संदेश भी दिया। डीडीसी ऋतुराज और निवार्ची पदाधिकारी सह एस्डीओ रिया सिंह ने कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों की पल- पल की गतिविधि पर नजर रखा।

### केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा,भाजपा प्रत्याश डॉ नीरा, राजद प्रत्याशी सुभाष यादव ने किया मतदान

**कोडरमा।** केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी,भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव,राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव और निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने बुधवार को अपने-अपने मतदान केंद्रों में मतदान किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मताधिकार का प्रयोग अपने परिवार संग करियाबर के बूथ संख्या 196 बूथ पर किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें,फिर जलपान करें। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस बार एनडीए की सरकार झारखंड में बनाएंगे। झारखंड में 43 सीटों पर चुनाव हो रहा है। इस चुनाव को आमजनों ने अपने हाथों में लिया है।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान का अंतिम दिन, नवनिर्मित दरवाजे का हुआ लोकार्पण

**झुमरी तिलैया।** परमपूज्य जैन संत मुनि श्री 108 सुयश सागर जी मुनिराज जी के मंगल आशीर्वाद से 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार को 1008 आदिनाथ भगवान का सभी इंद्र गण के साथ सैंकड़ो लोगों ने अभिषेक किया। शांतिधारा राकेश-प्रीति छाबड़ा के द्वारा किया गया। इसके बाद पंडित अभिषेक शास्त्री द्वारा सभी आरंभिक क्रियाओं के साथ विधान प्रारंभ हुआ, जिसमें आज 1024 अर्ध और श्री फल प्रभु के चरणों मे सोधर्म इंद्र के साथ सभी इंद्रों के द्वारा मंडप पर चढ़ाया गया। इस विशेष अवसर पर पूज्य मुनि श्री ने अपने मंगल उद्बोधन करते हुए कहा कि सिद्ध चक्र महामंडल विधान अरबपति, खरबपति पैसे वाले नहीं कर पाते है ,जो मन के धनी होते हैं जो किस्मत के धनी होते हैं और जिनका पुण्य जोर मारता है वे हीं साक्षात भगवान के दरबार में विधान करा पाते हैं, और ये कोडरमा समाज का पुण्य का उदय है कि धर्म नगरी में अनंतानंत सिद्ध परमेष्टि की आराधना की गई।

#### प्रथम चरण का मतदान झारखंड के कुल 43 सीटों के लिए संपन्न

# शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर पुलिस पर्यवेक्षक के साथ डीएसपी रहे तत्पर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान संपन्न हुआ। झारखंड के कुल 43 सीटों के साथ हजारीबाग जिले के हजारीबाग सदर, बड़कागांव, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में इस चरण के तहत मतदान हुआ। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर हजारीबाग पुलिस पर्यवेक्षक आईपीएस नजमुल होदा ने जिले के विभिन्न बूथों पर जाकर पर्यवेक्षण किया। इसी क्रम में वे प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार के साथ लक्ष्मी मुस्लिम उच्च विद्यालय, हजारीबाग पहुंचे। बताते चलें नजमुल होदा 2001 बैच के तमिलनाडु काडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा बरही, सदर, बरकट्ठा और मांडू विधानसभा के पुलिस पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किए गए हैं। प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार भी शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातारण में लोग वोट डाल सके इसे लेकर बेहद सक्रिय दिखे।

#### हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल किया मतदान

## लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें वोट जरूर दें : मनीष जायसवाल



हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वे अपने बूथ पर पहुंच कर वोट डाला। सांसद मनीष जायसवाल ने सुबह 10.30 वार्ड संख्या 27 स्थित बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पहुंचे जहां उन्होंने मतदान किया। सांसद मनीष जायसवाल भगवा कुर्ते में बूथ पर पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान करने पहुंचे कई लोगों से मिलकर उनका आभार जताया तो बूथ एजेंटों से मिलकर उनका हौसलाफजाई भी किया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रथम चरण के मतदान के सभी मतदाताओं से अपील किया की अपने- अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरुर दें और अपने पसंद का विधायक चुनते हुए एक सशक्त सरकार का निर्माण करें।

## न्यूज | बॉक्स

### धार्मिक कार्यक्रम से समाज में एकता और सद्भाव बढ़ता है : ममता देवी



**रामगढ़।** रामगढ़ में खाटू श्याम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मंडल द्वारा किया गया था जो कि खाटू श्याम जी के भक्तों के लिए एक विशेष दिन रहा। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अपनी भक्ति को प्रकट किया। भजनों की मधुर धुनों और कीर्तन के साथ पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। भक्तों ने भक्ति रस में डूब कर खाटू श्याम जी का गुणगान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ममता देवी ने आयोजकों को धन्यवाद दिया और भक्तों के बीच अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

#### बड़कागांव विधानसभा में 68.08 प्रतिशत हुआ मतदान

### जिला निर्वाची पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को राज्य में पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ। बड़कागांव में 68.08 प्रतिशत मतदान रहा। इसके तहत 22 बड़कागांव विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान आरंभ हुआ। पहले दो घंटो में 14.37 प्रतिशत हुआ मतदान हुआ। 11 बजे तक 11 बजे तक 24.17 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। 1 बजे तक 46.81 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चुनावी मैदान में 26 प्रत्याशी हैं जिनके भाग्य का फैसला 23 नवम्बर की मतगणना में होगा। मतदान के दौरान जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुचारू रूप से मतदान संपन्न करवाने का निर्देश दिया।

#### कुछ स्थानों पर हल्की झड़पें भी हुई

मतदान के दौरान कुछ बूथों पर एनडीए और महागठबंधन समर्थकों के बीच हल्की झड़पें भी हुई। वहीं, पूर्व विधायक योगेन्द्र साव जब एक बूथ पर अपने वाहन में पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे तब प्रशासन की ओर से झंडे को उतरवाया गया।

#### मतदान को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। लोग मतदान के लिए सुबह से ही कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

#### बुजुर्गों को बूथों पर ले जाकर कराया गया मतदान

कई लोगों ने अपने परिवार के बुजुर्गों को बूथों पर ले जाकर मतदान करवाया। मतदान को लेकर बुजुर्ग खुश दिखे।

#### मतदान के लिए बनाये गये थे 456 बूथ

बड़कागांव विधानसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए कुल 456 बूथ बनाये गये थे। साथ ही 456 पोलिंग पार्टियों को मतदान संपन्न करवाने के लिए लगाया गया था।

#### शुरुआती दौर में मतदान की रफ्तार रही धीमी, बाद में आयी तेजी

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हुआ। शुरू में मतदान धीमा रहा। लेकिन दिन बीतने के साथ मतदान में तेजी आई और 66.32 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

#### सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम

विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। साथ ही सुरक्षा बल बूथों की हर गतिविधि पर नजर रख रहे थे। जिससे चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। सुरक्षा अधिकारियों का कहना था कि चुनाव एक चुनौती है इसमें जरा भी कुछ होता है चुनाव पर असर पड़ता है। इस लिए सुरक्षा में तैनात सभी जवान मुस्तैद रहते हैं और किसी भी चुनौतियों का सामना करने को तैयार हते हैं।

#### हजारीबाग के चार विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

## मतदान के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक के साथ डीएसपी रहे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड के कुल 43 सीटों के साथ हजारीबाग जिले के हजारीबाग सदर, बड़कागांव, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर हजारीबाग पुलिस पर्यवेक्षक आईपीएस नजमुल होदा ने जिले के विभिन्न बूथों पर जाकर पर्यवेक्षण किया। इसी क्रम में वे प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार के साथ लक्ष्मी मुस्लिम उच्च विद्यालय, हजारीबाग पहुंचे। बताते चलें नजमुल होदा 2001



बैच के तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा बरही, सदर, बरकट्ठा और मांडू विधानसभा के पुलिस पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किए गए हैं। प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार भी शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातारण में लोग वोट डाल सके इसे लेकर बेहद सक्रिय दिखे।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रही

**नवीन मेल संवाददाता। डोमचांच** कोडरमा विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को डोमचांच के कुल 100 बूथों पर शांतिपूर्वक तरीके से मतदान संपन्न हुआ। सुबह छह बजे से ही 283, 284, 285, 253, 254 सहित कई बूथों पर महिला और पुरुष वोट देने के लिए लाइन में लगे दिखे। सुबह से ही बूथों पर महिलाओं की लंबी कतार देखने को मिली। जबकि बूथ 296, 297, 298 को जिला प्रशासन द्वारा मॉडल बूथ केंद्र बनाया गया था, जहां लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, सेल्फी प्वाइंट सहित बेहतर सुविधा दी गई थी। बूथ 253 में अपराह्न एक बजे तक महिलाओं की काफी लंबी कतार लगी रही। वृद्ध 92 वर्ष की मोहिनी खातून वोट देकर उत्साहित नजर आई। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को वाहनों के माध्यम से मतदान केंद्रों तक लाकर मतदान करवाए गए। 268 बूथ पर दिव्यांग रमेश रजक भी वोट देने को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी वोट करने को लेकर काफी जोश दिख रहा था। ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर काफी भीड़ थी। मतदान के पूरे दिन पुलिस प्रशासन चारों तरफ पेट्रोलिंग के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने को लेकर कटिबद्ध दिखाई दी। थाना प्रभारी प्रेम कुमार भी अपने दलबल के साथ पूरे क्षेत्र में गश्ती करते नजर आए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुरोडीह के बूथ नंबर 261 में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान कुछ देर तक मतदान रुकी रही। फिर दूसरी ईवीएम लायी गई।

## सूर्य की तपिश बढ़ने के साथ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की बढ़ती रही भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** कोडरमा विधानसभा चुनाव-2024 के चुनाव में शहर के साथ ग्रामीण और जंगली इलाकों के मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। हालांकि सर्दी में सुबह कम मतदाता मतदान केंद्रों पर दिखे, लेकिन ज्यों-ज्यों सूर्य की तपिश बढी,त्यो-त्यों इन केन्द्रों में मतदाताओं की भीड बढ़ने लगी। शहरी के साथ ग्रामीण इलाकों में जमकर मतदान हुए। दिव्यांग और वृद्ध मतदाता भी खुश नजर आए। खासकर कभी उग्रवाद से ग्रसित इलाके की मतदाताओं में जबर्दस्त उत्साह रहा। यहां मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें रही। ऐसा ही नजारा उत्क्रमित हाईस्कूल ढाब में देखने को मिला। इनमें महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ रही। युवक-युवतियां भी आगे रहे। राजकीयकृत प्लस टू हाईस्कूल कोडरमा के आदर्श मतदान केंद्र 165 में सुबह 9.18 बजे तक 1033 में 142, मतदान केन्द्र सं 166 में सुबह 9.17 बजे तक 681 में 123 वोट डाले गए थे। जबकि राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय जलवाबाद, कोडरमा के मतदान केंद्र संख्या 160 में सुबह 9.40 बजे तक 1086 में 223, देहाती के मतदान केंद्र संख्या 235 में सुबह 9.58 बजे तक 852 के विरुद्ध 252 लोगों ने वोट डाले थे। उसी प्रकार मतदान केंद्र सं 236 में सुबह 10.01 बजे तक 864 में 217, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र नर्सरी स्कूल डोमचांच बाजार के मतदान केंद्र 265 में सुबह 10.15 बजे तक 1092 में 290, डोमचांच नगर पंचायत मतदान केंद्र 268 में सुबह 10.17 बजे तक 1093 में 276, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढाब, डोमचांच के मतदान केंद्र 302 में पूर्वाह्न 11.32 बजे 1021 में 360, मतदान केंद्र 303 में पूर्वाह्न 11.33 बजे 1164 के विरुद्ध 348, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, नवलशाही के मतदान केंद्र 331 में दोपहर 12.59 बजे तक 959 में 446, उत्क्रमित मध्य विद्यालय काराखुट, डोमचांच के मतदान केंद्र 256 में अपराह्न 1.24 बजे तक 900 में 540, मतदान केंद्र संख्या 257 में अपराह्न 1.25 बजे तक 878 में 470 और उत्क्रमित मिडिल स्कूल गोलवाढाब के मतदान केंद्र 244 में अपराह्न करीब दो बजे 1220 के विरुद्ध 584 वोट पड़े थे।

#### सीसीएल ने चलाया सतर्कता जागरूकता अभियान

## छात्रों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली



*प्रतियोगिता में निबंध लेखन में प्रथम तन्नु भट्टाचार्य, द्वितीय स्वेता कुमारी एवं तृतीय स्थान वर्षा कुमारी ने प्राप्त किया।जिन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सीसीएल रजरप्पा द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समाज में ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता के मूल्यों को बढ़ावा देना था। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली और यह संकल्प लिया कि वे हमेशा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता जागरूकता पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निबंध लेखन में प्रथम तन्नु भट्टाचार्य, द्वितीय स्वेता कुमारी एवं तृतीय स्थान वर्षा कुमारी ने प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को न केवल अपने विचार प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के प्रति सचेत भी करती है। वहीं सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए ईमानदारी और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप प्राचार्य उमेश प्रसाद उपस्थित थे। इस प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना आचार्या डॉ. गायत्री पाठक,आरती झा, अनिल कुमार त्रिपाठी, दिलीप सिंह, शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

#### श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर अंतिम दिन निकाली गई प्रभात फेरी

## गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर शोभा यात्रा आज



### श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर आज निकलेगी शोभा यात्रा

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर शहर में 14 नवम्बर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा बिजुलिया से आरम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न होगी। इस प्रकाश उत्सव में बड़ी संख्या में लोग निकलते हैं और खुशिया मनाते हैं। इस प्रभातफेरी में बच्चे भी काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को अंतिम दिन प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों ने भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। निशान साहिब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। प्रभात फेरी के दौरान 'कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजा' जैसे शब्दों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। यहां खालसा क्रिकेट क्लब ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब में गुरु महाराज जी का प्रकाश हॉल बनकर तैयार हो गया है। प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान, हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा बिट्टी, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, शरद चमन, अंकित कालरा, प्रसिद्ध शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, विक्की छाबड़ा, कशिश छाबडा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू, राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, पुष्पिंदर सिंह छाबड़, गुरजीत सिंह शान, पप्पू जस्सल, कुलवंत सिंह मारवाह, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल, खालसा क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य व खालसा फेडरेशन के सभी सदस्य,चरणजीत जौली, सुमी जौलु, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर आदि शामिल हुए।

### दारू बड़वार में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के बूथ संख्या 484 और 486 में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक बुधवार को विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ। बूथ संख्या 484 में 60 प्रतिशत मतदान ओर 486 में 65 प्रतिशत मतदान किया गया। वहीं दारु प्रखंड के अन्य बूथों पर मतदान अपने निर्धारित समय सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। समय के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। चिलचिलाती धूप में भी मतदाताओं में उत्साह देखा गया। पहले मतदान उसके बाद जलपान का भी कहीं कहीं जज्बा दिखा। युवाओं और महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। दुकानदार मतदान करने के बाद अपने-अपने दुकान खोले। कहीं कहीं वोटरों की लंबी लाइन देखी गई। बुजुर्गों और विकलांगों को बीएलओ मतदान में सहयोग करते देखे गए।

#### बरही में 66.80 फीसदी मतदाताओं ने किया मतदान

## पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 15.54 अधिक रहा

*◆नए मतदाताओं में दिखा उत्साह, वृद्ध और लाचार सहित आदिम जनजाति परिवार ने भी किया मतदान*

*◆पुलिस व प्रशासन रहा चुस्त दुरुस्त, एसडीओ और एसडीपीओ करते रहे निगरानी*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड विस के प्रथम चरण के चुनाव के रहता बरही 20 पंचायत स्थित सभी 123 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। प्रातः साढ़े पांच बजे मॉक पॉल से प्रारंभ हुई। 7 बजे से मतदाता अपना मत डालना प्रारंभ कर दिए। मतदान के पहले रुझान में प्रातः 9 बजे तक प्रखंड में 12.42 प्रतिशत तक मतदान 6607 पुरुष और 6847 महिलाओ ने अपना मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज किया। मतदान का प्रतिशत बढ़ते क्रम में पाया गया। संध्या पांच बजे मतदान संपन्न होने के बाद प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रखंड में कुल 71,783 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 32323 पुरुष और 39460 महिला मतदाता शामिल है। इस प्रकार प्रखंड कुल 66.80 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमे महिला 74.70 और पुरुष 59.16 फीसदी शामिल है। पूरे मतदान में 15.54 फीसदी महिलाओ ने पुरुषो की तुलना में अधिक मताधिकार का प्रयोग किया। प्रखंड के 123 बूथ में 11 को मॉडल और 2 को संवेदनशील घोषित किया गया था। सभी आदर्श बूथों को बैलून और तोरण द्वार से सजाया गया था। सभी बूथ पर अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए थे। वृद्ध और लाचार मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर व्हील चेयर के व्यवस्था किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। मॉडल बूथ केवाल स्थित मध्य विद्यालय में विरहोर परिवार ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो व सीओ अमित किस्कू ने मॉडल बूथ के निरीक्षण के दौरान आदिम जनजाति परिवार को मतदान के लिए हौसलावर्धन किया। मतदान में युवा, महिलाओ और नए मतदाताओं में उत्साह देखा गया।

# लोकतंत्र के रंग में रंगे सिमडेगा में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान



सिमडेगा। विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को सुबह 7:00 बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। जिले के सभी बूथों में समय पर मॉक पोल की प्रक्रिया की गई। इसके बाद निर्धारित समय सात बज से मतदान शुरू हुआ। सिमडेगा में मतदान को लेकर लोगों में काफी जागरुकता देखी गयी। लोग सुबह सात बजे से पहले ही अपने-अपने मतदान केंद्रो पर पंक्ति लगाकर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखे गए। जैसे ही समय शुरू हुआ उसके बाद लोगों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में युवाओं के अंदर काफी उत्साह देखने को मिला। जहां पर सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया। उधर शहरी क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय ठाकुर टोली, सिमडेगा गांधी मैदान के पास बनाए गए मॉडल मतदान केंद्र, सिमडेगा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित सभी जगह पर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। जहां पर लोग पहुंच कर वोट दिए। इधर प्रशासन मतदान को लेकर काफी अलर्ट नजर आई।





# सिमडेगा में 68.70 व कोलेबिरा में 68.62 प्रतिशत हुआ मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में बुधवार को चुनाव शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया था। मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती रही। मतदान में जिले भर में कुल 68.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र में 68.70 व कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 68.62 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात से नौ बजे तक सिमडेगा में 15.11, कोलेबिरा में 15.15 प्रतिशत मतदान हुआ। वही 11 बजे तक सिमडेगा में 32.75 व कोलेबिरा 33.67 प्रतिशत जबकि 1 बजे तक सिमडेगा में 49.48% व कोलेबिरा में 52 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं 3 बजे तकसिमडेगा में 63.91 व कोलेबिरा में 64.78 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी ईवीएम मशीनों की सुरक्षित वापसी के उपरांत मतदान प्रतिशत की औपचारिक घोषणा की जाएगी। इस चुनाव में मतदान केंद्रों पर न सिर्फ सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, बल्कि स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक और सुरक्षाबलों ने तत्परता से अपना कर्तव्य निभाया। मतदाताओं का भी उत्साह सराहनीय रहा, जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रशासन का सहयोग किया। इधर सभी मतदान केंद्रों पर सीआईएसएफ , झारखंड पुलिस सहित अन्य जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया था।




## कुरडेग प्रखण्ड में 66.03 हुआ मतदान



कुरडेग। प्रखण्ड के 53 मतदान केन्द्रों में 38260 मतदाताओं में से कुल 25262 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्र पर शांति पूर्ण मतदान संपन्न हुआ। वहीं सभी मतदान केंद्रों में समय पर मॉक पोल कर निर्धारित समय पर मतदान शुरू किया गया। सिर्फ एक मतदान केन्द्र 297 में एक घंटा विलम्ब से मतदान शुरू हुआ। ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मशीन में पोलिंग नहीं हो पाया। जिसे तत्काल तकनीकी पदाधिकारी द्वारा ठीक कर एक घंटा बाद पोलिंग कार्य आरम्भ करा दिया गया। प्रखण्ड क्षेत्र में कही लम्बी लाईन भी देखी गई। वहीं मतदान केन्द्रों में मतदाता धीरे-धीरे पहुंचे। प्रखण्ड में भालमण्डा और मुडाअम्बा बूथ में पीटीजी स्पेशल बूथ बनाया गया था। सभी पीटीजी मतदाताओं को अल्प आहार की व्यवस्था प्रशासन द्वारा किया गया था। प्रखण्ड क्षेत्र में समय पर मतदान प्रारम्भ हुआ और शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया।

## कोलेबिरा प्रखंड 69 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ




**कोलेबिरा।** प्रखंड के 69 मतदान केंद्रों पर चुनाव संपन्न हुआ। बूथ नंबर 23, 24 राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय लेढ़ा टोली, बूथ नंबर 25 पंचायत भवन बंदरचुवां, बूथ नंबर 26, 27 डोमटोली बखरीटोली, बूथ नंबर 28 सामुदायिक भवन कमलापानी, बूथ नंबर 55 राजकीय मध्य विद्यालय श्रद्धाटोली में सुबह सात बजे से लेकर शाम चार बजे तक मतदान हुआ। बाकी 62 मतदान केंद्रों पर सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक मतदान हुआ। कोलेबिरा प्रखंड में दो स्थानों में बीवी पैड मशीन में तकनीकी खराबी के कारण बदला गया। वही लचरागढ़ बूथ नंबर 63 में वीवीपैड मशीन में तकनीकी खराबी के कारण आधा घंटा विलंब से मतदान शुरू हुआ। कोलेबिरा प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 51809 है। इसमें महिला 26304 तथा पुरुष 25505 है। चुनाव को सम्पन्न कराने में चार कलस्टर बनाए गए। इनमें टूटीकेल, बरसलोया, बरवाडीह और एसएस प्लस टू हाई स्कूल शामिल था। मतदान केंद्र पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था।

## डीसी व एसपी ने परिवार के संग किया मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 166 पर सिमडेगा उपयुक्त अजय कुमार सिंह अपने परिवार के संग पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है। यहां पर सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त है। सभी लोग क्रम में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों को इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। इधर, पुलिस अधीक्षक सौरभ ने अपनी पत्नी के साथ पहुंचकर उन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सिमडेगा पुलिस मतदान के प्रति पूरी तरह से जागरूक है और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी लोगों को इस महापर्व में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।





## जंगली भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल

**कोलेबिरा।** वन क्षेत्र के बोकबा जंगल के पास जंगली भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बरवाडीह निवासी फिल्मोन कीड़ो के रूप में हुई। घायल को तुरंत इलाज के लिए कोलेबिरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उसकी उपचार चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फिल्मोन अपने घर से खेती करने के लिए जा रहे थे।

## सिमडेगा के सभी मतदान केंद्र इको फ्रेंडली

**सिमडेगा।** नप के शहरी क्षेत्र में 34 मतदान केंद्र बनाए गए है। नप प्रशासक समीर बोदरा ने बताया कि शहर के सभी मतदान केंद्र को इको फ्रेंडली बुथ बनाया गया है। इसके अलावे गांधी मैदान स्थित क्लब बुथ को मॉडल बुथ के रुप में बनाया गया है। जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई है। बताया गया कि क्लब बुथ में कबाड़ से जुगाड़ के तहत कई तरह की नक्काशी भी की गई है जहां लोग इंज्वाय भी कर सकते है।

## मतदान को लेकर बुजुर्गों में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है जहां पर सभी लोग मतदान करें और सिमडेगा में इस बार बुजुर्गों के अंदर भी काफी उत्साह देखने को मिला। शरीर साथ न देने के बावजूद बैशाखी, लाठी और व्हीलचेयर का सहारा लेकर मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्गों ने कहा कि देश में सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए । इसी को लेकर सभी लोग मतदान कर रहे हैं। इधर वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्र में पहुंचने के साथ ही उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ताकि उनके अंदर हौसला बनी रहे।

## बोलबा प्रखण्ड में 66.85 प्रतिशत हुआ मतदान



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में 66.85 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रखंड के सभी बूथों पर समय से मतदान शुरू हुआ। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय सहित कई बूथों में पहली बार मतदान करने वाले युवा व युवतियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। प्रखण्ड के बूथ न0 249 तलमंगा उतरी में 73.96 एवं बूथ न0 253 अवगा पोंडखर में 73.41 प्रतिशत मतदान हुआ । जबकि सबसे कम बूथ न0 259 पंचायत भवन बेहरीनबासा में 55.23 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं आब्जर्बर, निरीक्षण अधिकारी सहित पुलिस कर्मी एवं मतदानकर्मियों द्वारा शांतिपूर्ण मतदान कराने में सहयोग किया। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा लगातार सभी बूथों का निरीक्षण किया गया।

## कुरडेग प्रखंड के बूथों का डीएसपी ने किया निरीक्षण



**कुरडेग।** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से प्रखंड क्षेत्र में चुनाव संपन्न हुआ। मौके पर विधि व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार से परेशानी उत्पन्न ना हो जिसे ध्यान में रखते हुए डीएसपी रणवीर सिंह पूरे दलबल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। कुरडेग के झिरका मुंडा, घाघमुण्डा मीडिल स्कूल, निर्मला उच्च विद्यालय खाली जोर दरीर्डीह, डुमरडीह, कुटमाकछार, गड़िया जोर, भलमण्डा सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए केंद्र में उपस्थित पुलिस कर्मियों एवं मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। उन्होंने झारखण्ड - छत्तीसगढ़ के सीमा के समीप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाये गये चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस कर्मियों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये ।

# कोलेबिरा में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न नए मतदाताओं में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न हुआ। कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के 69 बूथों और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड के 89 बूथों पर मतदान संपन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। सुबह में मतदान का रफ्तार काफी अधिक रहा। 10:00 के बाद मतदान की रफ्तार धीमी हुई। वही 1:00 बजे के बाद मतदान की रफ्तार बढ़ने लगी। बानो प्रखंड में मतदान करने के लिए युवा वोटरों में उत्साह देखा गया। विभिन्न बूथों पर युवा मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। पहली बार मत का प्रयोग करके युवाओं में काफी उत्साह था। युवा वोटर शानिया प्रवीण ने कहा कि पहली बार मतदान कर काफी खुश हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वोट दिया। आशिया प्रवीण ने कहा कि युवाओं को रोजगार के मुद्दे को लेकर वोट दिया। समृता कुमारी ने कहा कि पहली बार वोट देकर काफी अच्छा लग रहा है। लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने से काफी खुश हूं। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र का विकास होना चाहिए। युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। यही सोच कर अपना मत का प्रयोग किया है। अमृता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट अच्छे नेता चुनने के लिए किया जाता है। क्षेत्र का विकास करें यही उम्मीद व आशा के साथ अपना मत का प्रयोग किया है। असरिता कुमारी, साक्षी कुमारी, संतोषी ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर काफी प्रसन्न नजर आई। उन्होंने कहा कि मतदान कर काफी अच्छा लग रहा है, जो भी नेता विधायक चुनकर आए वह हमारे क्षेत्र के विकास के लिए कम करें, यही उम्मीद करते हैं। युवा मतदाताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के मुद्दा को लेकर हमने अपना मतदान किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमन शांति चैन रहे, ऐसी जनप्रतिनिधि का हमने चुनना है। युवा मतदाताओं ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी है जिसे पूरा करने वाला जनप्रतिनिधि हो। ऐसा ही सोच कर हमने वोट किया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हो सके। गांव में पक्की सड़के नहीं है पक्की सड़कों का निर्माण हो।

## चाकू मारकर एक की हत्या, बचाव में आई महिला हुई घायल

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के बड़कीबिउरा ग्राम में बुधवार की सुबह 10 बजे एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वहीं एक महिला घायल हो गई। मृतक की पहचान गुरुवारु कोरवा रावनखोता निवासी के रूप में हुई। वही बीच-बचाव कर रही घायल महिला की पहचान बड़कीबिउरा निवासी जमीला कोरवाईन के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक गुरुवारु कोरवा अपनी पत्नी दशमी कोरवाईन के साथ मंगलवार को रंजीत राम के घर आया था। बुधवार सुबह किसी बात को लेकर रंजीत राम एवं गुरुवारु कोरवा के बीच विवाद हो गया। आवेश में आकर रंजीत राम ने गुरुवारु कोरवा पर चाकू से हमला कर दिया जिससे गुरुवारु कोरवा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं महिला जमीला कोरवाइन बचाव के दौरान घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नवीन कुमार घटना स्थल पहुंचकर घायल महिला को इलाज के लिये अस्पताल भेज कर शव अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

# सिमडेगा पुलिस ने पुलिस के थीम पर बनाया मतदान केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस हमेशा कुछ नया कर गुजरने में लगी रहती है। इस बार मानव तस्करी, साइबर क्राइम सहित अन्य मुद्दों को विशेष रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से सिमडेगा शाम टोली स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के मतदान केंद्र को अलग थीम पर सजाया था। जहां पर प्रवेश द्वार से लेकर मतदान केंद्र तक पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम, मानव तस्करी सहित सभी चीजों को लेकर अलग-अलग स्लोगन के साथ वहां पर पोस्टर लगाए गए थे जिससे कि लोग मतदान के साथ-साथ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान में शामिल हो सके। सिमडेगा एसपी सौरभ ने बताया कि लोगों को वोट के प्रति जागरूक के साथ-साथ साइबर क्राइम, मानव तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस ने इस तरह के बूथ का निर्माण किया है, जिससे कि लोग आकर्षित हो सके।




**गांधी मैदान स्थित सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने उठाया सेल्फी का आनंद :** विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के बाद सिमडेगा गांधी मैदान के पास बनाए गए मॉडल बूथ में नगर परिषद की ओर से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जहां पर पुराने टायरों को आकर्षक तरीके से पेंट करते हुए उसे सजाया गया था जिससे लोगों को अपनी और आकर्षित करें और लोग मतदान करने के बाद वहां पर आकर सेल्फी लेते हुए देखे गए इस मौके पर नए युवा मतदाता एवं बुजुर्ग महिला एवं पुरुष भी सेल्फी के लिए आतुर नजर आए जहां पर झारखंड की नागपुरी भाषा में 'मोय वोट देलो' स्लोगन का बैनर रखा गया था जिसे पड़कर लोग सेल्फी लेते हुए नजर आए।

## विधानसभा चुनाव को लेकर सुनसान रही सड़कें, बंद रही दुकानें



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। जहां पर सुबह से ही जहां चहल-पहल का माहौल रहता है वहां पर पूरी तरह से वीरानी छाई रही। सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सभी चौक-चौराहे, गली- मोहल्ले में खुलने वाली दुकान पूरी तरह से बंद रही। इसके अलावा सड़कों पर अन्य दिनों के भांति भीड़भाड़ नहीं देखने को मिला। लोगों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में पहला कर्तव्य मतदान के रूप में इसे प्राथमिकता देते हुए अपने मतदान केंद्रों पर नजर आए। जहां पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इधर शहर का नजारा पूरी तरह से सन्नाटा रहा।

# झारखंड की हॉट सीट गाण्डेय में मुकाबला कल्पना व मुनिया देवी के बीच



**गिरिडीह (हि.स.)।** गिरिडीह जिले की गाण्डेय विधानसभा सीट प्रदेश की सबसे हॉट सीटों में से एक है। यह विधानसभा नब्बे के दशक में पांच आदिवासियों की भूख से हुई कथित मौत को लेकर सुर्खियो में रहा है, लेकिन इस बार गाण्डेय क्षेत्र गरीबी के लिए नहीं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन की पुत्रवधु सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के चुनाव समर में होने के कारण है।

वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में जेएमएम के डॉ सरफराज अहमद ने भारतीय जनता पार्टी के प्रों जेपी वर्मा को पराजित किया था। लेकिन झारखण्ड में बदलती राजनैतिक परिस्थियों के कारण दिसम्बर में डॉ अहमद ने विस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और अब वे राज्य सभा के सांसद है। डॉ अहमद के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई गाण्डेय सीट पर जेएमएम की शीर्ष नेत्री सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन को पार्टी आलाकमान ने संसदीय चुनाव के साथ हुए उप चुनाव में प्रत्याशी बनाया। वह पति हेमंत के जेल में रहते हुए सक्रिय राजनीति में आयीं कल्पना सोरेन ने अपने पहले चुनाव में भाजपा के दिलीप वर्मा को करीब 26 हजार वोटो के अंतर से पराजित कर विधायक बनीं। विजयी कल्पना सोरेन को 109827 वोट मिले और भाजपा के दिलीप वर्मा को 82678 वोट प्राप्त हुए।

इस बार विधायक कल्पना सोरेन का मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी गिरिडीह जिला परिषद की अध्यक्ष मुनिया देवी से है। इस सीट पर फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी राजेश यादव समेत अन्य 14 दलिय व निर्दलीय मैदान में हैं। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

आगामी 20 नवम्बर को होने वाले गाण्डेय विस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या तीन लाख 12 हजार से अधिक है। जिसमें एक लाख 62 हजार पुरुष और एक लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर हैं। ढाई प्रखण्डों वाले गाण्डेय विस क्षेत्र में विकास की बात की जाय तो 1977 के बाद से जेएमएम के स्व. सालखन सोरेन छह बार, भाजपा के लक्षमण स्वर्णकार दो बार, जेपी वर्मा एक बार और डॉ सरफराज अहमद दो बार पहले कांग्रेस और 2019 में जेएएम के टिकट पर एक बार विधायक रह चुके हैं। लेकिन गली,नली, छोटे-छोटे पुल पुलिया छोड़ दिया जाय तो करीब 40 वर्षों में कोई उल्लेखनीय विकास नहीं हुआ है।

# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता को जेनरल आब्जर्वर ने कराया मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय (गिरिडीह)।** विधानसभा चुनाव को लेकर गांडेय प्रखंड के बुर्जुग और दिव्यांग मतदाताओं को जेनरल आब्जर्वर वी सनमुगम ने बुधवार को घर घर जाकर मतदान करवाया। इस क्रम में जेनरल आब्जर्वर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय आहरडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भडरकुंडा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुकोटांड, मध्य विद्यालय गांडेय और प्राथमिक विद्यालय मेदनीपुर बूथ के लगभग 8 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग करवाया। बता दें कि वैसे मतदाता जो ज्यादा बुर्जुग हैं या दिव्यांग है, जो बूथ पहुंचने में असक्षम है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। जेनरल आब्जर्वर के साथ गांडेय बीडीओ निशात अंजुम, सीओ मो. हुसैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर अभिषेक सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# हजारीबाग के 3 विस क्षेत्रों में 59.13प्रतिशत हुआ मतदान

## चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के तीन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण,पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के समापन के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि बरकट्ठा, बरही, हजारीबाग सहित तीन विधानसभा क्षेत्र में शाम पांच बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 59.13% मतदान हुए है। कई बूथों पर मतदाता कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है,अभी अद्यतन मतदान प्रतिशत का रिपोर्ट आना शेष हैं। अपराह्न 05.00 बजे तक बरकट्ठा में 59.01 प्रतिशत, बरही में 61.1 प्रतिशत तथा हजारीबाग में 57.65 प्रतिशत सहित कुल 59.13 प्रतिशत वोटिंग हुई। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट को ईसीआई( भारत निर्वाचन आयोग) के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या विधि व्यवस्था से संबंधित घटना नहीं घटी है। सभी मतदान कर्मी देर शाम तक बाजार समिति, हजारीबाग के स्ट्रॉन्ग रूम में पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित जमा कर देंगे।

## मुख्यमंत्री ने मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के लिए मांगा समर्थन

# हम विकास में लगे हैं, विपक्ष षडयंत्र रच रहा है : सीएम हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के बाजार टॉड में दिन बुधवार को मांडू विधानसभा हाथ छाप कांग्रेस पार्टी सह इंडिया महागठबंधन के उम्मीदवार पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव ने किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री सोरेन ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मांडू से हमारे महागठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल को क्रमांक संख्या 01 में चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर वोट देकर भारी से भारी मतों से विजय बनाएं और मेरे हाथों को मजबूत करें एवं अपनी सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कोरोना काल में बिना कुछ परवाह किए गरीबों और मजदूरों को मदद करने का काम किया। प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से राज्य लाया गया। इस राज्य की संपूर्ण आबादी का ख्याल रखा, मंईयां सम्मान योजना के तहत हजार-हजार रुपए सभी बहनों के खाते में भुगतान किए जा रहे हैं। अभी एक दो दिन पहले भी भुगतान किए गए हैं। मेरे द्वारा प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया



है कि माह दिसंबर से 2500 रुपए भुगतान होंगे। उन्होंने भाजपा, आजसू एवं एनडीए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, कि आज तक राज्य की जनता के लिए इस तरह का ख्याल क्यों नहीं किया गया। हमलोग जब सुध ले रहे हैं, विकास के अनगिनत काम कर रहे हैं तो ये लोग षडयंत्र रचते हैं, मुझे जेल में डाल दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा आजसू वालों को वोट न दे। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय ले लिया है कि 24 घंटे लोगों को बिजली भी देंगें और बिजली बिल आयेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि जेपी पटेल को जिताइए। अगले पांच साल हमलोग आधी आबादी के खाते में एक लाख रुपया देने का काम करेंगें, जिसकी शुरूआत दिसंबर से मईया सम्मान योजना की राशि 1 हजार की जगह 2500 रुपए करने से शुरू हो जाएगी। हेलीपेड में मुख्यमंत्री को बुके भेंटकर प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, विनोद किस्को एवं अन्य ने स्वागत किया। समर्थकों और महिला दीदियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का हेलीपेड से लेकर मंच तक अभिनंदन किया। जेपी पटेल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर 24 घंटे आपकी सेवा में तत्पर रहा हूं कभी भाई की तरह तो कभी बेटा बनकर , सभी के सुख दुःख में भागीदारी निभाते आ रहा हूं। समस्याओं के संज्ञान में आते ही त्वरित निदान कराते आया हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। दिसंबर से इस योजना के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल माफ करने का काम कर आप सभी को बड़ी राहत प्रदान करने का काम किया है। 20 तारीख को अपना मत सिर्फ हाथ छाप छाप पर देकर मांडू और राज्य के विकास के मार्ग को प्रशस्त करें। षड्यंत्रकारी भाजपा और आजसू को मांडू और राज्य से बाहर का रास्ता दिखाएं। मौके पर भुनेश्वर महतो, मोहन महतो, लखन लाल महतो, देवी राम, छोटेलाल बेसरा, नरेश हांसदा, संजय प्रजापति, यशोदा देवी, बालकुमार महतो, दीप नारायण महतो, रवि सिंह, इत्यादि सभी पंचायत से ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाबूलाल के पक्ष में बेटे ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गावां (गिरिडीह)।** सनातन मरांडी ने धनवार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी के पक्ष में गावां प्रखंड के कई पंचायतों के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं बीजेपी के समर्थन में आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क अभियान में लोगों का भरपूर समर्थन मिलने को लेकर सनातन मरांडी ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कमल छाप पर वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। कहा कि क्षेत्र का विकास और समृद्धि के लिए भाजपा को वोट दें। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी ही क्षेत्र के विकास को लेकर आप सबों के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए आप लोगों का वोट काफी अहम होगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी को भारी बहुमत से विजयी बनायें। कई गांवों के लोगों में बीजेपी प्रत्याशी के प्रति खासा उत्साह दिखा।

# दारू बड़वार में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत के बड़वार गांव के बूथ संख्या 484 और 486 में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक बुधवार को विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ। बूथ संख्या 484 में 60 प्रतिशत मतदान ओर 486 में 65 प्रतिशत मतदान किया गया। वहीं दारु प्रखंड के अन्य बूथों पर मतदान अपने निर्धारित समय सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। समय के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया।

## चुगलु गांव में सड़क और पुल नहीं होने से ग्रामीण नाराज, किया मतदान का बहिष्कार

# अधिकारियों के आश्वासन पर शुरू हुई वोटिंग



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला विधानसभा क्षेत्र के चुगलु गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी, विशेष रूप से सड़क और पुल के अभाव को लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को समस्या बताई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे असंतुष्ट ग्रामीणों ने वोट न देने का निर्णय लिया। मतदान बहिष्कार की खबर मिलने पर गुमला थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने उपायुक्त से फोन पर वार्ता कराई, जिसमें डीसी ने ग्रामीणों को विकास कार्यों का भरोसा दिलाया। लगभग ढाई घंटे की वार्ता और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मतदान शुरू करने पर सहमति दी। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद वे गांव का निरीक्षण करेंगे और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर ध्यान देंगे। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर अंचल अधिकारी के माध्यम से एक लिखित आवेदन भी सौंपा।

# गुमला जिले में मतदान के दौरान दिखा उत्साह, 69.01 प्रतिशत हुआ मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के तीन प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी उत्साह चरम पर दिखा। जहां मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र में अपनी मजबूत भागीदारी दिखाई। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के बीच जिले में कुल मतदान 69.01 प्रतिशत हुआ।

**सिसई विधानसभा :** सिसई में 71.21 प्रतिशत मतदान हुआ क्षेत्र के मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदाता बूथों पर लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए, जिसमें युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं की विशेष भागीदारी रही।

**गुमला विधानसभा :** गुमला विधानसभा 65.46 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि, यह क्षेत्र का अपेक्षाकृत औसत प्रतिशत है, लेकिन मतदाताओं का समर्थन और सक्रियता यहां भी उत्साहजनक रही। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मतदाता अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान करते देखे गए, जहां प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखा गया था।

**बिशुनपुर विधानसभा :** बिशुनपुर में 70.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो क्षेत्र के जागरूक मतदाताओं की सहभागिता को दर्शाता है। इस क्षेत्र में भी महिलाओं और बुजुर्ग मतदाताओं की उपस्थिति काफी सराहनीय रही। मतदाताओं का इस प्रकार का जोश आगामी चुनाव परिणामों के प्रति लोगों की उत्सुकता को बढ़ा रहा है।



## प्रशासन की व्यवस्था थी चुस्त, मतदाताओं में था उत्साह

चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई, जिससे मतदाताओं को सुरक्षित माहौल में मतदान करने का अवसर मिला। सिसई, गुमला, और बिशुनपुर में मतदाताओं की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा को दशार्ती है। इन क्षेत्रों में सुबह से ही लोग वोट डालने के लिए कतारों में लगे रहे, जोकि आगामी परिणामों को लेकर जनमानस की गहरी रुचि को उजागर करता है। गुमला जिले के मतदान प्रतिशत से यह साफ होता है कि यहां के नागरिक लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। चुनाव के इस दौर में जिले के तीनों क्षेत्रों में मतदाताओं की सक्रियता से जनता की राय और रुझानों का अनुमान लगाया जा सकता है, जो भविष्य की राजनीति को दिशा देने वाला साबित होगा।

# मतदान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में उमंग 995 बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के तीन विधानसभा सिसई, गुमला और बिशुनपुर में पहले चरण का मतदान उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जिले भर के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे, जिससे लोकतंत्र के इस पर्व में जनभागीदारी देखने को मिली। इस चुनाव में शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया, जहां लोग सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान करते नजर आए।

**ग्रामीण क्षेत्रों में उमंग, युवाओं की विशेष भागीदारी :** गुमला जिले के ग्रामीण इलाकों में लोगों का उत्साह विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। कई ग्रामीण मतदाता सुबह से ही अपने-अपने पोलिंग बूथों पर पहुंच गए थे। पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के इस पर्व में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। मतदान केंद्रों पर युवाओं के



साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

**महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं में भी रहा उत्साह :** इस चुनाव में महिला मतदाताओं का प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा, जो उनके बढ़ते राजनीतिक जागरूकता और सक्रियता को दर्शाता है। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे उनका हौसला बढ़ता दिखाई दिया।

गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 995 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें सिसई में 332, गुमला में 314, और बिशुनपुर में 349 मतदान केंद्र शामिल हैं।

प्रशासन ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करने के लिए इन केंद्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। मतदान केंद्रों पर पुलिस बल के साथ-साथ चिकित्सा सुविधाएं और अन्य आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बुजुर्ग महिला को वोट देने से किया गया वंचित



सिसई ( गुमला)। सिसई प्रखण्ड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय सकरौली बूथ नंबर 88 में सकरौली गांव निवासी मोहिनी देवी मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पहुंची थी। बूथ एजेंट के मतदाता सूची में उनके नाम में पी बी लिखा हुआ था। जिसके कारण वोट करने नहीं दिया गया। और पीठासीन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के अनुसार हमलोग मतदान कराते हैं। बी एल ओ अनीता देवी ने कहा कैसे हुआ हमको कोई जानकारी नहीं है। मतदान करने नहीं देने से बुजुर्ग महिला नाराज होकर घर लौटी । और बताई कि हर बार मतदान केंद्र में आकर वोट देती थी। उन्होंने जांच का मांग किया है।

## पूर्व प्रत्याशी ने नायाब तरीके से मनाया चुनावी उत्सव

**बसिया (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कामडारा प्रखंड का रामतोलया बूथ दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। हर जुबान पर इस मतदान केंद्र का नाम दिनभर इसलिए चलता रहा क्योंकि गत चुनाव में झारखंड पार्टी की टिकट पर सिसई विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुकी सुनीता तोपनो पुड़ी सब्जी के अपने चुल्हे के साथ भर दिन व्यस्त नजर आई। सुनीता टोपनो कामडारा प्रखंड क्षेत्र में अच्छी खासी लोकप्रिय शख्सियत हैं और वह यहां से जिला परिषद सदस्य भी रह चुकी है। आप इसे लोकतंत्र के प्रति उनकी सनक के तौर पर भी देख सकते हैं जबकि लोकतांत्रिक उत्सव के रूप में चुनावी पर्व के अवसर पर आज उन्होंने अपनी मर्जी से सुदूरवर्ती रामतोलया बूथ पर न केवल मतदानकर्मी तथा सुरक्षाकर्मियों के लिए निस्वार्थ भाव के साथ नाश्ता बनाने का काम किया बल्कि उसे निःशुल्क परोसकर अपने संकल्प को सार्वजनिक करने का कारनामा भी कर दिखाया।

# रिकॉर्ड मतदान से गड़बड़ाया चुनावी आकलन का बाजार



**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)**

जिले में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाने वाले सिसई विधानसभा क्षेत्र में पूरे शांति के साथ चुनाव संपन्न हो गया। इस अवसर पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर देखा गया और इस उत्साह के बीच यहां 66 प्रतिशत से अधिक मतदान का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। संदर्भवश मतदान के इस बढ़े हुए प्रतिशत ने यहां के चुनावी गणित को उलझाकर रख दिया है। इस उलझन की गुत्थी तो अब मतगणना के दिन 23 नवंबर को ही सुलझ पाएगा। परन्तु रिकॉर्ड मतदान ने यहां के चौपालों को बहस का एक नया मुद्दा थमा दिया है। अब बढ़े हुए मत प्रतिशत का श्रेय एक ओर झामुमो इस आधार पर ले रही है कि यह सबकुछ उनके लोकप्रिय प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो व प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध व्यक्तिगत टिप्पणी के विरुद्ध आम लोगों की प्रतिक्रिया है। इसी तरह सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्य प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि बढ़ा हुआ मत प्रतिशत झामुमो के भ्रष्टाचार और इसके प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो की व्यक्तिगत छवि के विरोध में आया जनाक्रोश का प्रतिफल है। बहरहाल आज सभी बूथों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें देखी गई। इन कतारों में प्रमुखतया दो ही मुद्दे मुखर नजर आए। एक ओर बड़ी संख्या में लोग भ्रष्टाचार के विरुद्ध मतदान को आधार मानकर लंबी कतारें में खड़े नजर आए तो महंगाई, बेरोजगारी व विकास के मुद्दे भी ध्रुवीकरण के आधार बनकर सामने दिखे।

## चैनपुर में दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर दिया संदेश



**चैनपुर।** प्रखंड में वृद्ध मतदाता जागरूक मतदाता होने का संदेश देते नजर आए। सुबह में मतदान शुरू होने के पहले ही वो उत्साहित होकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डाल कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। उन्होंने सभी लोगों से घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। चैनपुर प्रखंड के मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा था। सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी।

# सिसई प्रखंड में 72.21 प्रतिशत हुआ मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई**

सिसई प्रखण्ड के 112 बूथों में मतदान का प्रतिशत सुबह सात बजे से नौ बजे तक 13.82 प्रतिशत रहा। 11 बजे तक 33.11 प्रतिशत रहा। वहीं 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 53.59 प्रतिशत, और 3 बजे तक 66.59 रहा। शाम तक 71.21 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया जो जिले के सबसे अधिक मतदान वाले क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्र के मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदाता बूथों पर लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए, जिसमें युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। खासकर नये मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला जिन्होंने पहली बार अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान किया। चुनाव को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई, जिससे मतदाताओं को सुरक्षित माहौल में मतदान करने का अवसर मिला। सिसई,में मतदाताओं की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा को दशार्ती है। कि इन क्षेत्रों में सुबह से ही लोग वोट डालने के लिए कतारों में लगे रहे, जोकि आगामी परिणामों को लेकर जनमानस की गहरी रुचि को उजागर करता है। सिसई प्रखण्ड के मतदान प्रतिशत से यह साफ होता है कि यहां के नागरिक लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। चुनाव के इस दौर में सिसई प्रखण्ड के क्षेत्रों में मतदाताओं की सक्रियता से जनता की राय और रुझानों का अनुमान लगाया जा सकता है, जो भविष्य की राजनीति को दिशा देने वाला साबित होगा।

हे प्रभु! मेरी इच्छा-शक्ति की प्रत्येक क्रिया आपकी दैवीय शक्ति से आपूरित हो, मेरी प्रत्येक कल्पना, प्रत्येक अभिव्यक्ति, प्रत्येक महत्वाकांक्षा को अपनी कृपा से अलंकृत करें। हे दिव्य शिल्पकार, मेरे जीवन को अपनी योजना के अनुसार तराशें! - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# नशे के अंतरराष्ट्रीय गिरफ्त में पंजाब राष्ट्रीय खतरा

पाकिस्तान की सीमा से लगा पंजाब पड़ोसी देश के नापाक इरादों का शिकार रहा है और आतंकवाद के बाद नशे में धंसता जा रहा है जिससे इसकी पहचान सबसे मेहनती और कृषि प्रधान राज्य से बदलकर उड़ता पंजाब बनता जा रहा है। सीमा पार के छद्म युद्ध ने इसे जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है जिससे स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को को पकड़ा गया है जिसमें 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अवश्यकता है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और यह पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश सुन चुका है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक आपूर्ति केंद्र और बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान की हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कही तो है पर इसमें राज्य सरकार का भी सहयोग अपेक्षित है।

**ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है, जो पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।**

## 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

# संस्कृतियों का जुड़ाव, सिनेमा की दिग्गज हस्तियों का सम्मान, भविष्य को आकार




**एसएच. चैतन्य के प्रसाद**

(पूर्व एडीजी, लेखक डीएफएफ के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक और आईएफएफआई के महोत्सव निदेशक हैं)

55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 20 से 28 नवंबर, 2024 के दौरान गोवा के मनोरम तट पर सिनेमाई उत्सव की एक नई छटा बिखेरने को तैयार है। इस वर्ष का यह महोत्सव महज फिल्मों की एक प्रदर्शनी से कहीं बढ़कर होने वाला है। विविध वैश्विक संस्कृतियों का संगम एवं उभरती प्रतिभाओं के लिए एक लॉन्चपैड होने के साथ-साथ यह आयोजन भारत की सिनेमाई विरासत के प्रति एक विनम्र श्रद्धांजलि भी होगा। आईएफएफआई 2024 न केवल अपने विकास की दृष्टि से बल्कि एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के रूप में एक ऐसा साहसिक कदम होगा, जो वैश्विक मंच पर भारत की जीवंत संस्कृति और सिनेमा की कला का उत्सव मनाएगा। इस वर्ष, विविध संस्कृतियों को जोड़ने और अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देने के प्रति फिल्म महोत्सव की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए आईएफएफआई ने ऑस्ट्रेलिया को 'आकर्षण का केन्द्रबिन्दु वाले देश' (कंट्री ऑफ फोकस) के रूप में रेखांकित किया है। आईएफएफआई का यह खंड भारतीय दर्शकों को ऑस्ट्रेलियाई सिनेमा की उस तह में उतरने के लिए आमंत्रित करता है, जहां गंभीर नाटकों से लेकर साहसिक कॉमेडी और विचारोत्तेजक वृत्तचित्रों तक की चुनिंदा फिल्मों की थाह ली जायेगी। इस केन्द्रित दृष्टिकोण के माध्यम से, दर्शकों को ऑस्ट्रेलिया की अनूठी और विकसित सिनेमाई भाषा का एक ऐसा अनुभव हासिल होगा जो आईएफएफआई को अंतर-सांस्कृतिक प्रशंसा एवं संवाद का एक शक्तिशाली मंच बनाएगा। ऐसा करने के क्रम में, आईएफएफआई 2024 एक ऐसे भावविभोर कर देने वाले अनुभव को संभव बनाने हेतु फिल्मों के पारंपरिक प्रदर्शन से परे जाएगा जो इस महोत्सव को दुनिया की विविध कहानियों, लोगों एवं संस्कृतियों के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित करेगा। आईएफएफआई 2024 का नवीनतम पुरस्कार, 'भारतीय फीचर फिल्म का सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक' पुरस्कार, भारतीय फिल्मकारों की अगली पीढ़ी पर प्रकाश डालेगा। यह पुरस्कार केवल एक मान्यता भर नहीं होगा। यह एक युवा निर्देशक के करियर में एक ऐसा महत्वपूर्ण क्षण होगा, जो भारतीय सिनेमा में नए दृष्टिकोण के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। इस श्रेणी को पहली बार के निर्देशकों को समर्पित करके, आईएफएफआई रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें निरंतर प्रतिस्पर्धी होते फिल्म उद्योग में जगह बनाने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता का संकेत देता है। जहां विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव स्थापित प्रतिभाओं पर ही ध्यान केन्द्रित करते हैं, वहीं आईएफएफआई द्वारा नवोदित फिल्म निमार्ताओं को मान्यता देना विकास को बढ़ावा देने और भारतीय सिनेमा के भविष्य को अपनाने के प्रति इसके समर्पण को दशार्ता है। इस वर्ष का यह महोत्सव भारतीय सिनेमा की चार महान विभूतियों - राज कपूर, तपन सिन्हा, अक्किनेनी नागेश्वर राव (एएनआर) और मोहम्मद रफी - को भी श्रद्धांजलि देगा। इन दिग्गज हस्तियों ने भारत की सिनेमाई विरासत को आकार दिया और कई पीढ़ियों के दर्शकों के दिलों पर राज किया। पुनरोद्धार की गई पुरानी फिल्मों और विशेष रूप से तैयार की गई प्रस्तुतियों को पेश करके, आईएफएफआई नई पीढ़ी के लिए उनकी कलात्मकता को जीवंत बनाएगा और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को भारत के समृद्ध सिनेमाई इतिहास की एक सार्थक झलक प्रदान करेगा। यह श्रद्धांजलि भारतीय सिनेमा की गहराई, संस्कृति पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव और इन प्रणेताओं की स्थायी प्रासंगिकता की याद दिलाएगी। आईएफएफआई का फिल्म बाजार, अब अपने 18वें वर्ष में, एक ऐसे गतिशील बाजार के रूप में प्रस्तुत है जो फिल्म निमार्ताओं, फाइनेंसरों, वितरकों और अंतरराष्ट्रीय फिल्म उद्योग की अग्रणी हस्तियों को एक साथ लाता है। अपने ह्यव्यूइंग रूमह्न में 200 से अधिक फिल्मों के प्रदर्शन के साथ, फिल्म बाजार वह जगह है जहां कहानियों को निवेशक मिलते हैं, फिल्में वितरकों के साथ जुड़ती हैं और आपसी सहयोग का जन्म होता है। यह समर्पित मंच महोत्सव के दायरे से परे जाकर विभिन्न परियोजनाओं के विकास और उन्हें फलने-फूलने के अवसर पैदा करके केवल प्रदर्शन (स्क्रीनिंग) पर केन्द्रित अन्य फिल्म महोत्सवों से आईएफएफआई को अलग पहचान देता है। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों प्रकार के फिल्म निमार्ताओं के संदर्भ में यह फिल्म बाजार वैश्विक दर्शकों के लिए एक प्रवेश द्वार और भविष्य की परियोजनाओं के लिए नेटवर्क एवं सुरक्षित समर्थन का एक दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। आईएफएफआई का भारतीय पैनोरमा खंड इस महोत्सव की एक ऐसी पहचान बन गया है, जो दर्शकों को समकालीन भारतीय सिनेमा के विविध चयन की पेशकश करता है। 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों को उनकी सिनेमाई उत्कृष्टता, विषयगत महत्व और सौंदर्यशील रचनात्मकता के लिए चुनकर भारतीय पैनोरमा कहानी कहने की भारतीय शैली की जीवंतता एवं विविधता को प्रदर्शित करता है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, यह खंड भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य के बारे में एक प्रामाणिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो क्षेत्रीय कथाओं से लेकर कला के क्षेत्र में अग्रगामी प्रयोगों तक पर प्रकाश डालता है। यह खंड भारतीय सिनेमा को उसकी पूरी गहराई और विविधता में प्रस्तुत करने के आईएफएफआई के मिशन को पुष्ट करता है, जिससे यह वैश्विक स्तर पर फिल्म संबंधी परिचर्चा का एक अमूल्य हिस्सा बन जाता है। आईएफएफआई 2024 की असाधारण पहलों में से एक 'क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' (सीएमओटी) है। यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) का एक ऐसा कार्यक्रम है, जो युवा फिल्म निमार्ताओं को निखारने के प्रति समर्पित है। सीएमओटी फिल्म उद्योग के अनुभवी पेशेवरों के साथ संपर्क की सुविधा प्रदान करते हुए उभरती प्रतिभाओं को लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों और एनिमेशनों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सीएमओटी के माध्यम से, आईएफएफआई न केवल युवा प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहा है बल्कि भारतीय फिल्म निमार्ताओं की अगली पीढ़ी को सफल होने के लिए संसाधनों और संपर्क के साथ सशक्त भी बना रहा है। यह पहल एक महोत्सव के रूप में आईएफएफआई की उस भूमिका को मजबूत करती है, जो उत्सव से आगे बढ़कर रचनात्मकता और विकास को निखारने की एक उपजाऊ जमीन बन जाती है। कान्स 2024 में दुनिया का ध्यान खींचने वाले 'भारत पर्व' के सार के अनुरूप, आईएफएफआई भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाता है।



## आपकी बात

### लैंगिक समानता और हरियाणा

लिंग अनुपात असंतुलन हरियाणा राज्य के लिये असहज करने वाली स्थिति पूर्व की भाँति ही है। कालांतर सरकार के प्रयासों व जन जागरूकता के चलते स्थिति में कुछ सुधार आया था, एक बार फिर परेशान करने वाली हकीकत सामने आई है। वर्ष 2023 की तुलना में इस साल के दस महीनों की अवधि यानी जनवरी से अक्तूबर के बीच जन्म के समय लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि जिस राज्य को लगभग एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख रूप से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू करने के लिये चुना, वहां जन्म के समय लिंग अनुपात में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से लिंग असंतुलन से जूझ रहे इस राज्य को एक बार फिर चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जब इस साल के सिर्फ दो महीने की बाकी हैं, स्थिति में अधिक बदलाव की उम्मीद करना बेमानी ही होगा। जैसे हालात हैं इतने कम समय में बड़ा बदलाव संभव नहीं है। तो इसे पिछले आठ वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में जन्म के समय का लिंगानुपात वर्ष 2015 में 876 से बढ़ने पर आशातीत परिवर्तन की शुरूआत हुई थी। इसी साल ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न अभियान की शुरूआत भी की गई थी। कालांतर सरकारी प्रयास और जन भागीदारी से इस दिशा में आशातीत परिणाम सामने आए। जिसके चलते वर्ष 2019 में लिंगानुपात 923 के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक जा पहुंचा था। हाल के वर्षों में इसमें फिर गिरावट देखी जा रही है। जो तंत्र को आत्ममंथन को बाध्य करती है कि इस गिरावट के तात्कालिक कारण क्या हो सकते हैं? सकारात्मक बदलाव सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही संभव नहीं। इसके लिये समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना नितांत जरूरी हो गया है। हरियाणा में लिंग अनुपात में आई गिरावट कहीं न कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता की ओर इशारा करती है। ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये जरूरी है कि बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में प्रगति की सोच विकसित की जाए। जिसका मकसद हो कि समाज में बालिकाओं के जन्म और अधिकारों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन लाया जाए। लोग बेटियों को लेकर किसी तरह की असुरक्षा महसूस न करें। मौजूदा स्थितियों को देखकत तो ऐसा लगता है कि हमारा तंत्र कन्या भ्रूण हत्या संकट खत्म करने के लक्ष्यों से अभी भी काफी दूर है। वहीं दूसरी ओर लिंग निर्धारण परीक्षणों में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों की संख्या में इस साल आई चिंताजनक गिरावट कानून प्रवर्तन और स्वास्थ्य एजेंसियों की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान भी है। भ्रूण हत्या जैसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से किसी भी स्तर पर चूक नहीं की जानी चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



राकेश दुबे

## बाल दिवस पर विशेष

# नेहरूजी के नौनिहालों के चाचा बनने का किस्सा



डॉ रमेश ठाकुर

बाल दिवस और जवाहरलाल नेहरू के संबंध में सभी जानते हैं लेकिन अधिकांश लोगों को शायद यह जानकारी न हो कि नेहरूजी आखिर बच्चों के चाचा क्यों कहलाए। बाल दिवस, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। यह दिवस पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्वभर में मनाया जाता था लेकिन साल 1964 में नेहरूजी के निधन के बाद भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। बच्चों से उन्हें बेहद लगाव था। चलिए बताते हैं नेहरूजी को चाचा कहे जाने की कहानी। पंडित नेहरू एक मर्तबा इलाहाबाद में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौसम जाडे.का था। सभा में एक महिला अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ भाषण सुनने के लिए पहुंची थी और नेहरू जी के भाषण देने के दौरान ही बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। उपस्थित लोगों का ध्यान बंट गया। यहां तक कि नेहरूजी ने भी बच्चे का रोना सुनकर अपना भाषण रोक दिया। उन्होंने तुरंत अपने अंगरक्षक को बच्चा और उसकी माता को मंच पर लाने को कहा। मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरूजी ने आगे बढ़ कर स्वयं बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। नेहरूजी की गोद में जाते ही बच्चा चुप हो गया और उनकी जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह देखकर सभा में उपस्थित लोग बेहद प्रभावित हुए। यहीं से उन्हें बच्चों के बीच चाचा का मान दिया जाने लगा। नेहरूजी शुरू से बच्चों के अधिकारों और उनकी अच्छी शिक्षा के लिए मजबूत शिक्षा प्रणाली के पक्षधर थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का भविष्य कहते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषण में कहा था कि बच्चे बगीचे की कलियों की तरह होते हैं, उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। हर साल उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। नेहरूजी बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। अक्सर नौनिहालों को देश का सबसे कीमती संसाधन के रूप में संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

**यदि आप सोचते हैं कि आप ईश्वर की विस्मृति में सुखपूर्वक रह सकते हैं, तो यह आपकी भूल है, क्योंकि आप अकेलेपन में बार-बार चीत्कार कर उठेंगे, जब तक कि आप यह अनुभव नहीं कर लेते कि ईश्वर ही सर्वेसर्वा हैं- विश्व में केवल एक मात्र सत्य।**

# सुख की आंतरिक अवस्थाएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

आप सुख के लिए बाहरी स्थितियों पर जितना अधिक निर्भर रहते हैं, उतना ही कम सुख अनुभव करेंगे। यदि आप सोचते हैं कि आप ईश्वर की विस्मृति में सुखपूर्वक रह सकते हैं, तो यह आपकी भूल है, क्योंकि आप अकेलेपन में बार-बार चीत्कार कर उठेंगे जब तक कि आप यह अनुभव नहीं कर लेते कि ईश्वर ही सर्वेसर्वा हैं- विश्व में केवल एक मात्र सत्य। आपकी रचना उनके प्रतिबिम्ब के रूप में हुई है, आप किसी भी वस्तु में चिरस्थायी प्रसन्नता प्राप्त नहीं कर सकते क्योंकि ईश्वर के अतिरिक्त कुछ भी पूर्ण नहीं है। ईश्वर के साथ सम्पर्क करने में, मैं जिस विशुद्ध आनन्द को पाता हूँ उसे शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। रात और दिन मैं आनन्द की स्थिति में रहता हूँ। वह आनन्द ही ईश्वर हैं। उनको जानने का अर्थ है अपने सभी दुःखों की अन्त्येष्टि करना। वे नहीं चाहते कि आप उदासीन और चिड़चिड़े बनें। यह ईश्वर के प्रति सही धारणा नहीं है, और न ही यह उन्हें प्रसन्न करने का तरीका है। स्वयं प्रसन्न हुए बिना आप उन्हें पा भी नहीं सकते।... आप जितने अधिक प्रसन्न होंगे, उनके साथ आप उतना ही अधिक अन्तर्सम्पर्क कर पाएँगे। जो उन्हें जानते हैं वे सदा प्रसन्न रहते हैं क्योंकि ईश्वर स्वयं आनन्द हैं।

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**रची रंगोली नेह की, आंगन उतरा चांद।**
**मन की मुरली गूंजती, जैसे अनहद नांद।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## अलग बात

# करोड़ों शालेय विद्यार्थी पुस्तकालयीन सेवा-सुविधाओं के अधिकार से वंचित



डॉ प्रितम भी. गेडाम

(राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह विशेष 14-20 नवंबर 2024)



जीवन में शिक्षा का स्थान अमूल्य है और शिक्षा में पुस्तकालय का स्थान अतुलनीय है। शिक्षा मनुष्य को जीवन में विश्व के हर क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करके प्रगतिपथ पर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करती है, शिक्षा रूपी प्रकाश मनुष्य के जीवन का अंधकार खत्म करने के लिए है। शिक्षा का आधार पुस्तक होती है और बेहतर पुस्तक का संग्रह पुस्तकालय कहलाते हैं। शाला, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के ज्ञान स्त्रोत केंद्र अर्थात पुस्तकालय शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूर्ण रूप से साकार करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। पुस्तकालय के बिना शिक्षा केन्द्र अधूरा है। आज हम आधुनिक युग में उन्नत शिक्षा संस्थानों को देखते हैं, पुस्तकों का स्वरूप भी अब डिजिटल और वर्चुअल हो चुका है, दुनिया भर का ज्ञान, अद्ययावत सुचना, पुस्तके, कागजात इंटरनेट के एक क्लिक पर हमें घर बैठे तुरंत प्राप्त होते है। शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र, सरकारी विभाग, निजी संस्थान, समाज में भी पुस्तकालय का विशेष स्थान है। सार्वजनिक पुस्तकालय, शैक्षणिक पुस्तकालय, सरकारी विभाग पुस्तकालय, विशिष्ट विषय संबद्ध पुस्तकालय, निजी पुस्तकालय ऐसे हमें पुस्तकालय के विविध रूप अंतरराष्ट्रीय से स्थानीय स्तर तक देखने मिलते हैं। मनुष्य के जीवन की प्राथमिक स्तर की शिक्षा विद्यालय की होती है, जहां जीवन विकास की नींव, नैतिकता, सभ्यता-संस्कार, ज्ञान का बीज बोया जाता है ताकि बड़ा होकर यह हरा-भरा, फलदार वृक्ष की भांति विकसित होकर देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। जिस प्रकार कुम्हार गिली मिट्टी को विशिष्ट रूप देकर उसका आकार बदलकर मूल्यवान बनाता है, उसी प्रकार शालेय शिक्षा विद्यार्थी जीवन में विविध विषयों के ज्ञान के साथ-साथ अच्छी बातें, ईमानदारी, बेहतर इंसान और सुजान नागरिक बनने में, कलागुणों को निखारने का अवसर देती है। शालेय बच्चे बड़े तेजी से विविध विषयों के ज्ञान को आत्मसात करते हैं, जल्दी नई बातें सीख जाते हैं। ऐसे शैक्षिक वातावरण में शिक्षा की ज्ञान रूपी आत्मा अर्थात पुस्तकालय सबसे बड़ी जिम्मेदारी निभाते है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विकसित पुस्तकालय बेहद आवश्यक है। हम सभी शिक्षा के महत्व को अच्छे से जानते है, भारत सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन भी शिक्षा में लगातार सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहकर नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। शिक्षा समृद्धि के लिए नित नए कार्यक्रम किये जाते है। समग्र शिक्षा अभियान जैसे अनेक प्रेरणात्मक अभियान चलाए जा रहे है। केंद्रीय विद्यालय संगठन, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सलन्स जैसे सरकारी शालाये देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षाप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसी प्रकार निजी शिक्षण संस्थानों में भी कुछ स्कूल राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों का पालन करके बेहतर प्रदर्शन करते है। यहां उच्च शिक्षित कर्मचारी वर्ग, नियमित पद भर्ती और शालेय सेवा-सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है, पुस्तकालयों के विकास पर भी विशेष नीति-नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है, निश्चित ही ऐसे स्कूलों से प्रतिभावान विद्यार्थी निकलते है, जो आगे जाकर अपना, स्कूल और देश का नाम रोशन करते है। लेकिन देश में ऐसे शालाओं की संख्या बहुत कम है। देश के बहुत से राज्यों में शिक्षा व्यवस्था में बहुत बड़ी समस्याएं है, जो विकास में रोड़े के रूप में है। आज भी बहुत से शालाओं में आधारभूत सुविधाएं नहीं है। बिजली, शुद्ध पानी, खेल का मैदान, खेल सामग्री, प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और संपन्न पुस्तकालय का अभाव नजर आता है। कही पद रिक्त पड़े है, कई पदों पर बरसो से भर्ती नहीं, कई पुस्तकालय सामग्री के लिए निधि नहीं तो कही फर्नीचर नहीं, तो कही शालाओं की खंडहरनुमा बदरंग स्कूल भवन और अद्यावत तकनिकी ज्ञान कौशल से अनभिज्ञ कर्मचारी नजर आते है। बड़े शहरों और महानगरों में हालात फिर भी थोड़े ठीक है, पर ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के पिछड़े इलाकों में शालेय शिक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं का अकाल नजर आता है। महाराष्ट्र राज्य सरकार की शालेय शिक्षण विभाग के पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार, राज्य के 111879 शालाओं में 20989572 विद्यार्थी अभी पढ़ रहे है। इनमें निजी स्कूल 67842 और निजी अनुदानित (सहायता प्राप्त) शाला 44037 है। इन दोनों प्रकार के स्कूल में कुल 686495 कर्मचारी है, उसमे से टीचिंग 613181 और नॉन टीचिंग कर्मचारी 73314 हैं। महाराष्ट्र सरकार के इसी शालेय शिक्षा और खेल विभाग मंत्रालय का जी.आर. जो 28 जनवरी 2019 को प्रसिद्ध किया गया था, उसमें साफ शब्दों में बताया गया था कि निजी अनुदानित अर्थात सहायता प्राप्त स्कूल में कुल कार्यरत 1600 अंशकालिक लाइब्रेरियन के सेवानिवृत्ति के बाद यह पद समाप्त किये जायेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कोचिंग संस्थानों के झूठे दावों पर लगाम के लिए दिशा-निर्देश जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छात्रों के अधिकारों की रक्षा और कोचिंग क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों के मुद्दे के समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनके अनुसार कोचिंग सेंटरों का विज्ञापन करने वाले भी झूठे दावों के लिए जिम्मेदार होंगे। छात्रों की लिखित सहमति के बिना विज्ञापनों में उनके नाम, फोटो या प्रशंसापत्र का उपयोग करना अवैध होगा और सहमति भी छात्र की सफलता के बाद ही उससे लेनी होगी।

सीसीपीए की मुख्य आयुक्त और उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने बुधवार को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश, 2024 के बारे में जानकारी दी। उनके अनुसार दिशा-निर्देश झूठे अथवा भ्रामक दावों, सफलता दर और अनुचित अनुबंधों के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। दिशा-निर्देश कोचिंग संस्थानों को पाठ्यक्रम, उनकी अवधि, संकाय योग्यता, शुल्क और धन वापसी नीतियां, चयन दर, सफलता की कहानियां, परीक्षा रैंकिंग और नौकरी की सुरक्षा के वादे, सुनिश्चित प्रवेश, उच्च परीक्षा स्कोर, गारंटीकृत चयन या पदोन्नति से संबंधित झूठे दावे करने




से स्पष्ट रूप से रोकते हैं। कोचिंग संस्थानों को अपने बुनियादी ढांचे, संसाधनों और सुविधाओं का भी सटीक ब्यौरा देना होगा। दिशा-निर्देश कोचिंग में लगे हर व्यक्ति पर लागू होंगे। कोचिंग संस्थानों का समर्थन करने वाले एंडोर्सर को अपने द्वारा प्रचारित किए जा रहे दावों को सत्यापित करना होगा। अगर वे झूठी सफलता दर या भ्रामक गारंटी का समर्थन करते हैं, तो उन्हें कोचिंग सेंटर के साथ-साथ जवाबदेह ठहराया जाएगा। कोचिंग सेंटरों को विज्ञापन में छात्र की तस्वीर के साथ नाम, रैंक और पाठ्यक्रम विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा करना होगा। यह भी बताना होगा कि क्या छात्र ने पाठ्यक्रम के लिए भुगतान किया था। महत्वपूर्ण जानकारी समान फॉन्ट व आकार के साथ प्रमुखता से दशार्नी होगी।दिशा-निर्देश कहते हैं कि कोचिंग सेंटर तत्काल निर्णय के दबाव डालने के लिए सीमित सीटों या मांग जैसी तात्कालिकता या कमी की झूठी भावना पैदा नहीं करेंगे। प्रत्येक कोचिंग सेंटर को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के साथ भागीदारी करने की आवश्यकता होगी, जिससे छात्रों के लिए भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के बारे में चिंता या शिकायत दर्ज करना आसान हो जाएगा। कोचिंग संस्थानों को अब चयन के बाद की सहमति के बिना सफल उम्मीदवारों की तस्वीरों, नामों या प्रशंसापत्रों का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। इस प्रावधान का उद्देश्य कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेने के दौरान कई छात्रों के सामने आने वाले दबाव को खत्म करना है। खरे ने इस बात पर जोर दिया कि सीसीपीए उपभोक्ताओं और जनता के हित में दिशा-निदेर्शों के प्रभावी कार्यान्वयन और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उद्योग हितधारकों, उपभोक्ता संगठनों और नियामक निकायों के साथ मिलकर काम करना चाहता है। कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार शासित होंगे और दिशा-निर्देश हितधारकों के लिए स्पष्टता लाएंगे और उपभोक्ता हितों की रक्षा करेंगे।

## अनुच्छेद 370 पर कई सवाल खड़े करती है कांग्रेस की चुप्पी: तरुण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की नेशनल कॉन्फ्रेंस की मांग पर कांग्रेस की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। चुघ ने कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह करते हुए कहा कि उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पाकिस्तान के आईएसआई-संचालित एजेंडे के साथ जुड़ती दिख रही है। बुधवार को पार्टी सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में तरुण चुघ ने कहा कि कांग्रेस ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है, जनता यह जानने की हकदार है कि क्या कांग्रेस इस पाकिस्तान समर्थित एजेंडे का समर्थन करती है। ऐसे समय में जब जम्मू-कश्मीर के लोग विकास और प्रगति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं, एनसी-कांग्रेस गठबंधन इसके बजाय एक विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ावा दे रहा है, जो अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने का जोखिम उठाता है। चुघ ने भारत की अखंडता से समझौता करने के उद्देश्य से उनके नापाक उद्देश्यों की निंदा की, और इस बात पर जोर दिया कि ऐसी कार्रवाइयों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# केंद्र का स्वास्थ्य क्षेत्र में 5 बातों पर फोकस

**एजेंसी। दरभंगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा में 12,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं की सौगात दी। साथ ही पीएम मोदी ने दरभंगा में बनने वाले बिहार के दूसरे एम्स का भी शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार देश में स्वास्थ्य को लेकर हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्रों में 5 बातों पर फोकस कर रही है। हमारा पहला कदम, हमारा फोकस बीमारी से बचाव पर है, दूसरा फोकस बीमारी की सही तरीके से जांच पर है, तीसरा फोकस है लोगों को मुफ्त और सस्ता इलाज मिले और सस्ती




**12,000 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ**

दवाएं मिले, हमारा चौथा फोकस है छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधाएं पहुंचाना। देश में डॉक्टरों की कमी को दूर करना और हमारा पांचवा फोकस है स्वास्थ्य सेवाओं में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार समेत पूरा देश विकास के बड़े-बड़े लक्ष्यों को पूरा होते देख रहा है। जिन सुविधाओं, परियोजनाओं के पहले सिर्फ चर्चा होती थी, आज वो वास्तविकता बनकर जमीन पर उतर रही है। हम विकसित भारत की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हम इसके साक्षी बन रहे हैं और इसे पूरा करने में अपना योगदान भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश की सेवा के लिए, लोगों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। सेवा की इसी भावना से यहां एक ही कार्यक्रम में विकास से जुड़े 12,000 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें रोड, रेल और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स हैं और सबसे बड़ी बात दरभंगा में एम्स का सपना साकार होने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है। दरभंगा एम्स के निर्माण से बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। इससे मिथिला, कोसी और तिरहुत क्षेत्र के अलावा पश्चिम बंगाल और आसपास के कई क्षेत्र के लोगों के

## एम्स बनने से लोगों को मिलेगी अच्छी चिकित्सा व्यवस्था : नीतीश कुमार

**दरभंगा।** कार्यक्रम में मंच पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित कई मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि एम्स बनने से दरभंगा का विस्तार होगा तथा दरभंगा सहित बिहार के लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। आज प्रधानमंत्री मोदी इसके शिलान्यास के लिए आए हैं, इसलिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं। यह एम्स बहुत अच्छा बनेगा। दरभंगा मेडिकल कॉलेज की चर्चा करते हुए कहा कि यह तय कर दिया गया है कि उसका और विस्तार करे देंगे। यहां 2500 लोगों के इलाज का इंतजाम किया जा रहा है।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की ओर इशारा करते हुए लोगो से कहा, अब ये आ गए हैं। जितना हम लोग सोचते हैं ये उससे भी बढ़िया बनाएंगे। हमको मालूम है।



## नीतीश ने पीएम का पैर छूने का प्रयास किया

दरभंगा एम्स शिलान्यास के मौके पर मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूने की कोशिश की, जिससे प्रधानमंत्री भी हतप्रभ हो गए और उनका हाथ पकड़ लिया। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंच पर अपना संबोधन पूरा करके वापस अपनी सीट पर लौट रहे थे। इस बीच वह पीएम मोदी के नजदीक पहुंचे और झुककर प्रधानमंत्री के पैर छूने की कोशिश की। नीतीश कुमार के नीचे झुकते ही पीएम मोदी खड़े हो गए और नीतीश कुमार के दोनों हाथों को पकड़कर उनका अभिवादन किया।



### केंद्र के कारण निर्माण में विलंब हुआ : तेजस्वी यादव

**पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि दरभंगा एम्स पहले ही बन गया होता, केंद्र सरकार के कारण विलंब हुआ। हमलोग दरभंगा के शोभन में जमीन लेकर गए थे। यह लोग डीएमसीएच परिसर में ही बनाना चाहते थे। हम लोग चाहते थे कि एम्स डीएमसीएच में ना बने, बाहर जाकर बने ताकि शहर का विकास हो सके।**



# देव दीपावली पर्व पर वाराणसी के गंगा घाटों पर सुरक्षा की अभेद्य किलेबंदी

**एजेंसी। वाराणसी**



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में देव दीपावली पर्व (15 नवंबर) पर गंगा घाटों के साथ उस ओर जाने वाले मार्गों पर भी सुरक्षा की अभेद्य किलेबंदी रहेगी। नमो घाट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास मौजूदगी को देख वहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। नमोघाट के साथ ही अन्य घाटों पर सुरक्षा के लिए दूसरे जिलों से भी फोर्स आएगी। इसमें तीन कंपनी पीएसी, एक कंपनी पीएसी बाढ़ राहत दल के जवान भी हैं। वाराणसी जोन के डीसीपी गौरव बंसवाल के अनुसार सभी घाटों पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। हर एक घाट पर मचान बनाए जा रहे हैं जिस पर पुलिस बल तैनात रहेगा। एनडीआरफ, जल पुलिस, पीएससी फोर्स भी तैनात रहेगी। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। देव दीपावली पर गंगा घाटों से लगायत शहर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का खाका पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर तैयार कर लिया गया है। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, निगरानी और सुरक्षा के खास प्रबंध किए गए हैं। गंगा नदी में भी 80 मोटरबोट पर सवार जवान गश्त करते रहेंगे। व्यवस्था में रविदासघाट से नमो घाट तक गंगा नदी को आठ सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टर में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जल पुलिस और पीएसी बाढ़ राहत दल के जवान, एनडीआरएफ की वॉटर एंबुलेंस, गोताखोर भी मौजूद रहेगी।

## चेन्नई में सरकारी डॉक्टर पर चाकू से हमला, आईएमए ने की सख्त कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली/चेन्नई**

तमिलनाडु में चेन्नई के गुइंडी में कलैगनार सेंटेनरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (केसीएसएसएच) में बुधवार को कुछ लोगों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर डॉ. बालाजी जगन्नाथ को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कथित तौर पर एक मरीज के रिश्तेदार द्वारा किए गए इस हमले को सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा और स्टाफ की स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिस पर चिकित्सा पेशेवरों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डॉ. बालाजी जगन्नाथ अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग में ड्यूटी पर थे, जब पेरुंगलाथुर के 26 वर्षीय आरोपित विग्नेश ने उनसे संपर्क किया। स्थानीय पुलिस के अनुसार विग्नेश और तीन दोस्त विग्नेश की मां से मिलने के लिए सुबह करीब साढ़े दस बजे अस्पताल पहुंचे। एक बार अंदर जाने के बाद वे कथित तौर पर महिला की बिगड़ती हालत को लेकर डॉ जगन्नाथ के साथ गरमागरम बहस में उलझ गये और उन्होंने डाक्टर ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार विग्नेश ने कथित तौर पर रसोई में इस्तेमाल होने वाला चाकू निकालकर डॉ. जगन्नाथ पर हमला किया। चाकू से उनकी गर्दन पर वार किया गया और उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर भी चोटें आईं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## चुनाव आयोग ने ली गडकरी, अजित पवार, सीएम शिंदे और नाना पटोले के हेलीकॉप्टर की तलाशी

**एजेंसी। मुंबई**

चुनाव आयोग की टीम ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बैग की तलाशी। बैग में चखली मिली, जिसे अजीत पवार ने चुनाव आयोग की टीम को खाने का ऑफर भी दिया। आज चुनाव आयोग की टीम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के हेलीकॉप्टर की भी जांच की है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने बैग को चेक किए जाने का वीडियो जारी किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार और मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की जांच चुनाव आयोग की टीम ने की थी। उस समय उद्धव ठाकरे ने कहा था कि चुनाव आयोग सिर्फ उनके ही हेलीकॉप्टर की जांच कर रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों के हेलीकॉप्टर की जांच नहीं की



जा रही है। उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर निष्पक्ष होकर सभी स्टार प्रचारकों के हेलीकॉप्टर की जांच करने की मांग की थी। इसके बाद राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा था कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर जांच कर रहा है। इसके बाद चुनाव आयोग की टीम ने सभी दलों के नेताओं के हेलीकॉप्टर की जांच शुरू कर दी है। चुनाव आयोग की टीम आज मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की जांच करने पहुंची तो सीएम शिंदे ने शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि चेक करो, हमारे हेलीकॉप्टर में दवा की किट नहीं मिलेगी। इसी तरह कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के हेलीकॉप्टर में कोई सामान अथवा बैग नहीं था, इसलिए चुनाव आयोग की जांच टीम बैरंग लौट गई। अजीत पवार के हेलीकॉप्टर में चकली मिली, जिसे खाने का न्योता अजीत पवार ने जांच करने वालों को दिया।

### भिलाई स्टील प्लांट के ब्लॉस्ट फर्नेस में गैस रिसाव, 3 बेहोश

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई स्टील प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट के ब्लॉस्ट फर्नेस में गैस रिसाव हुआ। इसमें तीन मजदूर बेहोश हो गए हैं। तीनों मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन तीनों मजदूरों को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रबंधन भिलाई स्टील प्लांट में हुए हादसे की जांच में जुट गया है। भिलाई भट्टी पुलिस ने इस हादसे की पुष्टि की है। हालांकि अभी तक इस हादसे पर प्लांट प्रबंधन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। भिलाई स्टील प्लांट के ब्लॉस्ट फर्नेस 6 में कैपिटल रिपेयर का काम चल रहा था। इस दौरान इसको चालू करने से पहले ही फर्नेश का स्टोव गर्म हो गया। उसके बाद स्टोव नंबर 11 में गैस रिसाव होने लगा। इस गैस रिसाव की चपेट में वहां मौजूद मोहम्मद मेराज खान, हरिचरण और मोहनलाल गुप्ता आ गए। इन बीमार मजदूरों को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया, उसके बाद मजदूरों को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीआईएसएफ की महिला बटालियन के गठन को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह महिला बटालियन हवाईअड्डों और मेट्रो रेल जैसी देश की महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगी और कमांडो के रूप में वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करेगी।

गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि एक विशिष्ट सैन्य टुकड़ी के रूप में गठित की जाने वाली महिला बटालियन देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, जैसे हवाई अड्डों और मेट्रो रेल की सुरक्षा और कमांडो के रूप में वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी संभालेगी। शाह ने कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से राष्ट्र की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य में भाग लेने की और अधिक महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।



हवाई अड्डों, मेट्रो और वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करेगी : अमित शाह

### सीआईएसएफ महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प

गृह मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है, जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं। वर्तमान में बल में महिलाओं की संख्या 7 प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के जुड़ने से देश की अधिक महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को सीआईएसएफ में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे सीआईएसएफ में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है।

## कल से उत्तर प्रदेश में जनजाति भागीदारी उत्सव

**लखनऊ ।** योगी सरकार ने 15 से 20 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव मनाने का फैसला किया है। बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश-विदेश के विभिन्न कलाकार अपनी-अपनी लोक संस्कृतियों की छटा बिखेरेंगे। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें अनेक राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन शाम पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश-विदेश की लोक संस्कृति उतरेगी। इसमें स्लोवाकिया और वियतनाम के लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत होगा।



## बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर जनता को किया जा रहा गुमराह: खरगे

**मुंबई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के लातूर जिले में बुधवार को चुनाव जनसभा में कहा कि पार्टी के तीन नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि देश एक है और अक्षुण्ण है फिर भी बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। खरगे ने महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों का देश की लड़ाई में दूर-दूर तक कोई योगदान नहीं है। इन लोगों ने भारतीय संविधान का सम्मान कभी नहीं किया। इन लोगों ने अब देश में झूठ परोसना शुरू कर दिया है और बटेंगे तो कटेंगे का नारा देना शुरू कर दिया है।



## रत्नागिरी जिले में अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** रत्नागिरी जिले के नखरे कालाकोंड तहसील के चिरेखानी इलाके में अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को स्थानीय पुलिस के सहयोग से एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम ने गिरफ्तार किया है। ये सभी पिछले छह महीने से नखरे इलाके में रह रहे थे। छानबीन में पता चला है कि यह सभी जून 2024 से बिना वैध दस्तावेजों के चिरेखानी में रह रहे थे। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान वाहिद रियाज सरदार (35), रिजुल हुसैन करिकर (50), शरीफुल हौजिर सरदार (28), फारूक मुहम्मद जहीर अली मुल्ला (50), हामिद मुस्तफा मुल्ला (45), राजू अहमद हजरतली शेख (31), बाकिबिल्लाह अमीर हुसैन सरदार (39), सईदुर रहमान मुबारक अली (34), आलमगीर हुसैन हीरा पुत्र अब्दुल कादर दलाल (34), मोहम्मद शाहीन सरदार पुत्र समद सरदार (32), मोहम्मद नुरुजमान मोरोल पुत्र विलायत अली (38), मोहम्मद नूरहसन सरदार पुत्र मोहम्मद जाहर सरदार (45) और किताब अली (37) के बेटे मोहम्मद लालू मंडल के रूप में की गई है।

*गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और कहा है कि वह गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं, उन्होंने उन्हें "उग्र स्वभाव का व्यक्ति" कहा है।*

*ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग वह काफी उग्र स्वभाव के हैं, इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं हुआ कि उन्होंने ही कुछ कहा।*



# गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं रिकी पोंटिंग

*मैंने कहा था कि मैं (उनके फॉर्म को लेकर) चिंतित रहूंगा। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप विराट से पूछेंगे, तो मुझे यकीन है कि विराट थोड़ा चिंतित होंगे कि वह पिछले सालों की तरह शतक नहीं बना पाए हैं।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से पहले विराट कोहली के फॉर्म के बारे में उनकी टिप्पणियों पर भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और कहा है कि वह गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं, उन्होंने उन्हें "उग्र स्वभाव का व्यक्ति" कहा है। पिछले सप्ताह आईसीसी रिव्यू के एपिसोड के दौरान, पोंटिंग ने कोहली के फॉर्म पर चिंता जताते हुए कहा था, "मैंने दूसरे दिन विराट के बारे में एक आंकड़ा देखा, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में केवल दो (तीन) टेस्ट शतक बनाए हैं। यह मुझे सही नहीं लगा, लेकिन अगर यह सही है, तो यह चिंता का विषय है। प्रस्थान से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पोंटिंग की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने पलटवार करते हुए कहा, "रिकी पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? उन्हें ऑस्ट्रेलिया के बारे में बात करनी चाहिए। पोंटिंग ने कहा, "मैंने कहा था कि मैं (उनके फॉर्म को लेकर) चिंतित रहूंगा। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप विराट से पूछेंगे, तो मुझे यकीन है कि विराट थोड़ा चिंतित होंगे कि वह पिछले सालों की तरह शतक नहीं बना पाए हैं।" उन्होंने कहा, "यह किसी भी तरह से उन पर कटाक्ष नहीं था। मैंने वास्तव में यह कहकर इसका अनुसरण किया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेला है और वह यहां वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। इसलिए, यह आश्चर्यजनक है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें कट जाती हैं, लेकिन वह एक क्लास खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेला है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने आगे कहा कि वह अपनी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया से थोड़ा हैरान थे, लेकिन गंभीर से ऐसी ही उम्मीद की जा सकती थी। पोंटिंग ने कहा, "मैं प्रतिक्रिया पढ़कर हैरान था, लेकिन कोच गौतम गंभीर को जानता हूं... वह काफी उग्र स्वभाव के हैं, इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं हुआ कि उन्होंने ही कुछ कहा।

## स्टीव स्मिथ की 'अच्छी खेल योजनाओं' को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं : आर अश्विन

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में स्टीव स्मिथ के खिलाफ़ कई मुकाबलों में उनकी "अच्छी खेल योजनाओं" को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल में उनके समय के दौरान नेट सेशन ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ के खिलाफ़ तैयारी करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी।




22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज़ में दोनों दिग्गज अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। यह जोड़ी 2013 से टेस्ट क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी रही है, जिसमें संघर्षरत स्मिथ को 2020-21 सीरीज़ की शुरुआत में अश्विन ने दो बार आउट किया था। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत का दौरा किया, तो स्मिथ दो बार अश्विन और तीन बार रवींद्र जडेजा के हाथों आउट हुए। अश्विन ने 7क्रिकेट को दिए एक इंटरव्यू में कहा, "स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ़ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनके पास अपनी अनूठी तकनीक है, यहां तक कि तेज़ गेंदबाज़ी के खिलाफ़ भी। लेकिन स्पिन के साथ, मुझे लगता है कि वह बेहतरीन गेम प्लान, बेहतरीन तैयारी के साथ आए थे और हाँ, वह इसे अंजाम देते थे। और पिछले कुछ सालों में मैंने इसे तोड़ने के तरीके और साधन खोज लिए हैं। दिल्ली कैपिटल्स में उनका समय, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स में उनका समय, ये सभी नेट सेशन जो मैंने उन्हें अपने काम के बारे में करते हुए देखे हैं, उनसे मुझे वास्तव में यह समझ में आया कि वह कैसे तैयारी करते हैं और उन्हें क्या पसंद है और क्या नहीं। अश्विन ने कहा,"वह बहुत ही सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर हैं। वह हर समय आप पर हावी होना चाहते हैं। लेकिन उनके पास अभ्यास करने के बहुत ही अनोखे तरीके हैं और बीच में आपके साथ लड़ने के अनोखे तरीके हैं।

## कप्तान गुरप्रीत ने 'पीढ़ी में एक बार आने वाले खिलाड़ी' संदेश झिंगन की राष्ट्रीय टीम में वापसी की सराहना की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जनवरी से चोट के कारण बाहर चल रहे भारत के डिफेंसिव दिग्गज संदेश झिंगन को मलेशिया के खिलाफ मैत्री मैच के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू ने उनकी वापसी की सराहना की है और उनकी मौजूदगी की तुलना सुनील छेत्री से की है। गुरप्रीत ने आईएएनएस को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, "व्यक्तिगत रूप से मैं (झिंगन की वापसी से) बहुत खुश हूं क्योंकि मेरे पास अमरिंदर (सिंह) के अलावा कोई और है जिससे मैं बात कर सकता हूं क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं कि टीम काफी युवा है और मैं उम्र के मामले में दूसरे नंबर पर हूं। इसलिए उनके जैसा कोई व्यक्ति होना जिससे मैं ड्रेसिंग रूम में बात कर सकूं, मुझे बहुत खुशी देता है। उन्होंने कहा, ''मैं संदेश की वापसी के लिए भी बहुत आभारी हूं क्योंकि जाहिर तौर पर वह अपने क्लब और राष्ट्रीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्तंभ है। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि वह खुद को स्वस्थ रखे और भारतीय फुटबॉल की मदद करे जैसा कि उसने पहले किया है। वह बहुत अच्छे डिफेंडर हैं और सुनील (छेत्री) भाई की तरह, वह एक पीढ़ी के खिलाड़ी हैं। झिंगन को सीरिया के खिलाफ भारत के एएफसी एशियाई कप मैच के पहले हाफ के दौरान घुटने में चोट लग गई थी और उन्हें फीफा डब्ल्यूसी क्वालीफायर और 2023/24 आईएसएल अभियान के अंत के साथ-साथ बाकी प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा, जिसमें गोवा तीसरे स्थान पर रहा, आईएसएल शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट्स से सिर्फ तीन अंक पीछे। 31 वर्षीय सेंटर बैक ने एक्शन में वापसी की और वह बेंगलुरु एफसी पर 3-0 की जीत में पूरे 90 मिनट खेले, जो बाद की सीजन की पहली लीग हार थी, और पंजाब एफसी पर 2-1 से जीत दर्ज की, जिसके कारण उन्हें 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ मैच के लिए प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के खिलाफ दोस्ताना मैच भारतीय फुटबॉल के लिए निराशाजनक वर्ष का पर्दा होगा।



एटीपी फाइनल्स

## सिनर ने फ्रिट्ज को हराया

एजेंसी

**ट्यूरिन।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर की एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी के साथ अपने शानदार सत्र का समापन करने की तलाश जारी रही, क्योंकि शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने टेलर फ्रिट्ज़ पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की, जिससे इली नास्तासे ग्रुप में उनकी 2-0 की बढ़त हो गई। फ्रिट्ज़ ने प्रतियोगिता के शुरुआती चरणों में सिनर को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, इतालवी ने एक घंटे, 40 मिनट की जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक होने पर अपना खेल का स्तर बढ़ाया, जिससे जोड़ी की एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज़ में 3-1 का सुधार हुआ। सिनर, जो 2024 के अपने आठवें टूर-लीडिंग खिताब की तलाश में हैं, अब एक भी सेट नहीं हारने के कारण ग्रुप से आगे बढ़ने की प्रबल दावेदारी में हैं। वह गुरुवार को चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से भिड़ने पर इली नास्तासे ग्रुप में अपने 2-0 के शानदार रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। फ्रिट्ज़, जो 1-1 पर हैं, का लक्ष्य दूसरी बार (2022) सेमीफ़ाइनल में पहुंचने के अपने प्रयास में एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ़ एक महत्वपूर्ण जीत हासिल करना है। सिनर पिछले साल ट्यूरिन में फ़ाइनल में पहुंचे थे। बारह महीने बाद इटालियन एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में लौटे, 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में मेजर जीते। युगल में, पूर्व चैंपियन वेस्ले कूलहॉफ़ और निकोला मेकटिक की जोड़ी ने प्रतिष्ठित सीज़न के फाइनल्स में शुरुआती हार से वापसी करते हुए दूसरे वरीय मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस को 4-6, 7-6(6), 10-8 से हराकर मैच पॉइंट बचाया।

## आईपीएल 2025 से पहले पार्थिव पटेल गुजरात टाइटन्स के सहायक और बल्लेबाजी कोच बने



**अहमदाबाद।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले गुजरात टाइटन्स (जीटी) का नया सहायक और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी की ओर से एक बयान में कहा गया, "गुजरात टाइटन्स को पार्थिव पटेल को अपना नया सहायक और बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में 17 साल के शानदार करियर के साथ, पार्थिव टीम में अनुभव और ज्ञान का खजाना लेकर आए हैं। आईपीएल में पार्थिव की यात्रा 2008 में शुरू हुई, जब उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ अपनी शुरुआत की। पिछले कुछ वर्षों में, वह लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने 139 मैचों में भाग लिया और 22.60 की औसत से 2,848 रन बनाए। बल्ले से उनकी निरंतरता में 13 अर्धशतक शामिल हैं।

## शाहीन वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर बने नंबर 1

एजेंसी



**दुबई।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने आईसीसी पुरुष वनडे गेंदबाज रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है, यह स्थान उन्होंने पिछले साल भारत में हुए क्रिकेट विश्व कप के दौरान हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की विजयी श्रृंखला में अफरीदी के हालिया प्रदर्शन ने उन्हें एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद की, जहां उन्होंने तीन मैचों में 12.62 के प्रभावशाली औसत से आठ विकेट लिए। अफरीदी की यह बढ़त रैंकिंग में फेरबदल के हिस्से के रूप में आई है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं और अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफरीदी का मैदान पर दबदबा, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अग्रणी स्थान के साथ मिलकर पाकिस्तान को एकमात्र टीम बनाता है जिसके पास वनडे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में नंबर 1 रैंक वाला खिलाड़ी है। बाबर, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ सिर्फ़ एक आउट के साथ 80 रन बनाए, शीर्ष बल्लेबाज़ रैंकिंग पर बने हुए हैं। अफ़रीदी अकेले पाकिस्तानी गेंदबाज़ नहीं थे, जिन्होंने तरक्की की। हारिस राउफ़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ के प्रदर्शन के बाद अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर पहुंचकर रैंकिंग में तरक्की की। नसीम शाह ने भी अपने करियर की नई ऊंचाई हासिल की, वे 14 पायदान चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए। इसके अलावा, पाकिस्तान के नए वनडे कप्तान मोहम्मद रिज़वान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ सीरीज़ के बाद बल्लेबाज़ी चार्ट में 23वें स्थान पर पहुंच गए। इस बीच, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 11 पायदान चढ़कर वनडे बल्लेबाज़ों में 23वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि अफ़गानिस्तान के अज़मतुल्लाह उमरज़ई अपनी स्थिति में सुधार करते हुए 31वें स्थान पर पहुंच गए। वनडे गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, वेस्टइंडीज़ के गुडाकेश मोती और बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज ने बढ़त हासिल की, जिसमें मेहदी नौ पायदान चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए।

टी20 रैंकिंग में, इंग्लैंड के फिल साल्ट और जोस बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों में क्रमशः दूसरे और छठे स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स और ट्रिस्टन स्टब्स ने भारत के साथ अपनी मौजूदा श्रृंखला के दौरान टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय लाभ अर्जित किया, स्टब्स 12 पायदान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गए। ी20 में गेंदबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया, जिसमें श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा इंग्लैंड के आदिल राशिद के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के अकील होसेन और भारत के रवि बिश्नोई क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर पहुंच गए।

व्यापार/लाइफ व साइंस

## रैपिडो को वित्त वर्ष 2024 में 371 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली।** घरेलू राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'रैपिडो' ने वित्त वर्ष 2014 में 371 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया। जबकि, वित्त वर्ष 2023 में कंपनी को 675 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। नियंत्रित व्यय ने कंपनी को वित्त वर्ष 2023 में 675 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024 में घाटे में लगभग 45 प्रतिशत की कटौती करने में मदद की क्योंकि नियोजित पूंजी पर रिटर्न (आरओसीई) और ईबीआईटीडीए मार्जिन क्रमशः -90.7 प्रतिशत और -52.5 प्रतिशत रहा। अपने वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, स्विगी समर्थित प्लेटफॉर्म ने पिछले वित्त वर्ष में 1 रुपये कमाने के लिए 1.65 रुपये खर्च किए। वित्त वर्ष 2023 में 443 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 में इसका परिचालन राजस्व लगभग 46 प्रतिशत बढ़कर 648 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिवहन सेवाओं ने परिचालन राजस्व का 55.9 प्रतिशत बनाया, जो वित्त वर्ष 24 में 48.4 प्रतिशत बढ़कर 362 करोड़ रुपये हो गया। रैपिडो ने कर्मचारियों की लागत में 16.9 प्रतिशत की कटौती कर 172 करोड़ रुपये कर दिए।




## त्योहारी सीजन में मर्सिडीज-बेंज इंडिया की गाड़ियों की हुई जबरदस्त बिक्री

**नई दिल्ली।** मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक संतोष अय्यर ने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में लग्जरी कारों की बढ़ती मांग के कारण कंपनी की बिक्री में इस साल दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अब एफ1 हाइब्रिड तकनीक से लैस अपना नया 'एएमजी सी 63 एस ई परफॉरमेंस' मॉडल लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 1.95 करोड़ रुपये है। यह इस साल कंपनी का 14वां प्रोडक्ट लॉन्च है, जिसका उद्देश्य 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले अपने हाई-एंड वाहनों की बिक्री को बढ़ाना है।

# सार्वजनिक सेवाओं के लिए धन का डिजिटल हस्तांतरण 56 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

**जयपुर।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने बुधवार को जानकारी दी कि भारत में सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच के लिए डेली ई-ट्रांजैक्शन की औसत संख्या 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में 56 प्रतिशत बढ़ गई है। इसके अलावा, 314 योजनाओं के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए से 6.9 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण हुआ है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में 176 करोड़ लाभार्थियों को लाभ हुआ है। 'भारत में डिजिटल टेक्नोलॉजी, उत्पादकता और आर्थिक विकास' पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पात्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में डीबीटी के परिणामस्वरूप मार्च 2023 तक 3.5 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित संचयी लागत बचत हुई है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने आगे कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई), एक बेहतर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर और एआई टैलेंट को लेकर युवा आबादी के साथ नए विकास के रास्ते खोलने के लिए बेहतर स्थिति में है। पूवानुमान बताते हैं कि जनरेटिव एआई 2029-30 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 359-438 बिलियन डॉलर का योगदान देगा। भारतीय फर्मों द्वारा उत्पादन प्रक्रियाओं में एआई का इंटीग्रेशन 2023 में 8 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 25 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के विकास के लिए 1.25 ट्रिलियन रुपये का निवेश किया है।

### वित्तीय समावेशन का विस्तार



इंडिया स्टैक वित्तीय समावेशन का विस्तार कर रहा है, बैंकिंग बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कर संग्रह दोनों शामिल हैं। पात्रा ने बताया कि ई-बाजार उभर रहे हैं और अपनी पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अनुमान है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का दसवां हिस्सा है। पिछले दशक में देखी गई वृद्धि दरों के अनुसार, यह 2026 तक सकल घरेलू उत्पाद का पांचवां हिस्सा बनने की ओर अग्रसर है।

## सेंसेक्स 984 अंक गिरा, निवेशकों के छह लाख करोड़ रुपये डूबे

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। भारी बिकवाली के कारण निफ्टी और सेंसेक्स दोनों पांच महीने के निचले स्तरों पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 984 अंक या 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,690 और निफ्टी 324 अंक या 1.36 प्रतिशत 23,559 पर था। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 6 लाख करोड़ रुपये कम होकर 430 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि कल 436 लाख करोड़ रुपये था। बिकवाली का सबसे अधिक दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर पर देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,456 अंक या 2.64 प्रतिशत गिरकर 53,800 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532 अंक या 2.96 प्रतिशत गिरकर 17,458 पर था। एनएसई के करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। रिल्यटी, इन्फ्रा, ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, और पीएसई में सबसे ज्यादा गिरावट थी। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए।



एमएंडएम, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडडी टॉप लूजर्स थे। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस गेनर्स थे। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर के एडवाजरी -प्रमुख, विक्रम कसाट का कहना है कि आज लागातार पांचवा दिन है, जब भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है।

## सोना 1,470 रुपये गिरा, चांदी में भी 2 हजार की गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में बुधवार को लगातार 5वें दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। आज सोना 1,350 रुपये से लेकर 1,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,430 रुपये से लेकर 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,990 रुपये से लेकर 70,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी कमजोरी आने की वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत आज 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



## 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा का लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय 14-15 नवंबर को भुवनेश्वर में दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' आयोजित करने जा रहा है। यह दो दिवसीय चिंतन शिविर 2030 तक 500 गीगावाट और 2047 तक 1800 गीगावाट हरित ऊर्जा के अगले लक्ष्य की ओर रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर महत्वपूर्ण होगा। इस कार्यक्रम का केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी आईटीसी भुवनेश्वर में उद्घाटन करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, ''राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक, ओडिशा के ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंह देव और एमएनआरई सचिव प्रशांत कुमार सिंह भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।



# जिला में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, वोटरों ने दिखाया उत्साह

▶▶ डीसी, एसपी के बूथों का किए निगरानी

▶▶ 40 महिला मतदान केंद्रों में महिला मतदान कर्मियों ने कराया मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को पहले चरण के मतदान में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र मनिका, लातेहार में लोकतंत्र की बयार बह रही है। चुनाव को लेकर मतदाता घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। मतदाताओं ने अपना-अपना मत डाला। नए मतदाताओं के अलावा वृद्ध मतदाता भी इस महापर्व में शामिल दिखे। चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर 7 बजे सुबह से मतदान शुरू हो गया था। मतदान केन्द्रों पर लंबी कतार में खड़े मतदाता अपने-अपने मतदान पहचान पत्र लेकर इंतजार करते हुए दिखे। जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी का इस चुनाव पर खास असर दिखा। लोगों को मतदान की प्रक्रिया में देर दोपहर तक किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में जिले भर के मतदान कर्मी मतदान करने की प्रक्रिया में सक्रिय नजर आ रहे हैं। चुनाव को लेकर शहरी मतदाता से ज्यादा ग्रामीण मतदाताओं में उत्साह देखा गया। जो मतदाता कभी नक्सली से भय की वजह से मतदान की प्रक्रिया में भाग नहीं लेते थे, इस बार घरों से निकलकर जमकर वोट किए। वोटरों में नक्सलियों का भय कुछ भी नहीं दिखा।भय मुक्त होकर अपना मतदान किए। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपने-अपने मत डालकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए मिले। बता दे की देर दोपहर तक विधानसभा चुनाव को लेकर जिले से कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। चुनाव को लेकर बनाए गए नियंत्रण कक्ष से जिले भर की चुनावी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इस बार 40 मतदान केंद्र पर महिला कर्मियों द्वारा मतदान कराया जा रहा है। मतदान केंदों पर जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराया गया था।

**पूजा अर्चना कर मतदान किया भाजपा प्रत्याशी ने :** भाजपा के लातेहार विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश राम ने सुबह अपनी जीत दर्ज की प्रार्थना भगवान से की। पूजा-अर्चना कर माथे पर तिलक लगाया। मतदान के बाद भाजपा प्रत्याशी ने क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

**हरिकृष्ण पल्हेया व रामचंद्र ने मंगरा में किया मतदान :** विधानसभा चुनाव को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह ने मनिका प्रखंड के पल्हेया में मतदान किया। कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने मंगरा में मतदान किया। इसके बाद दोनों प्रत्याशी क्षेत्र के विभिन्न बूथों का जायजा लेने के लिए निकल पड़े।





## चुनाव को लेकर कई मतदान केंद्रों को सजाया गया था



झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को प्रथम चरण के मतदान में मतदान केंद्रों को जिला प्रशासन सजाकर इस महापर्व का रूप देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी था। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का ख्याल किया गया था। वहीं मतदान केंद्रों को झारखंड की संस्कृति के अनुरूप सजाया और संवारा गया था।

## यह चुनाव राज्य की दिशा तय करेगी



लातेहार विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सह मंत्री बैद्यनाथ राम ने अपना वोट मतदान केंद्र संख्या 199 स्थिति राजकीय कृत मध्य विद्यालय बाजार में डाला। अपना मत डालने के बाद पत्रकारों से कहा कि यह चुनाव राज्य की दिशा तय करने वाली है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया कि वे अपना-अपना वोट डालें। जनता का एक-एक वोट से राज्य की तस्वीर बदलेगी।

## दोनों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**लातेहार।** झारखंड विधान सभा चुनाव लातेहार जिला में निष्पक्ष भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण मे संपन्न हो गया। बुधवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान हुई। चुनाव संपन्न के बाद शाम साढ़े पांच बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कार्यालय कक्ष मे प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गई।अभी तक के प्राप्त आकड़े के अनुसार लातेहार विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 69.70, जबकि मनिका विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 64.15 रहा है। उन्होंने बताया कि कहीं-कहीं वोटिंग हो रही है। जिस कारण वहां से आकड़े आने में विलंब हो सकता है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पत्रकारों से कहा कि सभी पुलिस बल और की गई रणनीति के कारण जिले भर में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर सभी प्रकार की पुलिस बल की तैनाती कराई गई थी। नक्सल प्रभावित और अति संवेदनशील बूथों पर बीएसएफ समेत अन्य फोर्स की तैनाती कराई गई थी, जबकि बाइक से भी फोर्स की पेट्रोलिंग समेत कई प्रकार की तैयारी कराई गई थी।



# विधानसभा चुनाव 2024: युवा और नए मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, 67.35% मतदान

## मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** 13 नवम्बर विधानसभा चुनाव 2024 के तहत गढ़वा जिले में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ सुबह 7 बजे मतदान प्रारंभ हुआ। सभी वर्गों के मतदाताओं, विशेषकर युवा, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 67.35% मतदान दर्ज किया गया।

### वोटिंग में सभी वर्गों की भागीदारी

बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा और नए मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं का गुलाब के फूलों से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से भी मतदान में भाग लेने की अपील की। सभी मतदान केंद्रों की गतिविधियों की समाहरणालय स्थित वेबकास्टिंग रूम से निगरानी की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया।

### मतदान का प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 बजे: गढ़वा में 13.23 | , भवनाथपुर में 13.58 | (कुल 13.41) |
| सुबह 11 बजे: गढ़वा में 29.63 | , भवनाथपुर में 31.09 | (कुल 30.38) |
| दोपहर 1 बजे: गढ़वा में 47.03 | , भवनाथपुर में 46.48 | (कुल 46.75) |
| दोपहर 3 बजे: गढ़वा में 60.71 | , भवनाथपुर में 61.39 | (कुल 61.06) |
| शाम 5 बजे: गढ़वा में 66.46 | , भवनाथपुर में 68.20 | (कुल 67.35) |

वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय की विशेष व्यवस्था की गई थी। गढ़वा जिले में शांतिपूर्ण माहौल के बीच लोकतंत्र का पर्व सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# 24 बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न, 65.58 प्रतिशत हुआ मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड के कुन्दा, मेदवाडीह, दारी, गेन्द्रा, खपिया,सरजामातु,बौधाडीह ,चिलोय समेत 24 बूथों पर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। मतदान की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक चलती रही। मतदाताओं ने लंबी कतार में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान नहीं हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गई, जो अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। यूएमएस विद्यालय चिलोय बूथ संख्या 287 के अंतर्गत इचाक गांव के मतदाताओं ने दोपहर तक वोट बहिष्कार के ऐलान पर अड़े रहे। गांव के लोग गांव में बिजली की व्यवस्था व गांव के समीप नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि, पदाधिकारियों द्वारा समझाने-बुझाने पर गांव के लोगों ने मतदान किया। वही मतदान प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ विशेष इंतजाम किए गए थे। मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने के बाद ही मतदान करने की अनुमति दी जा रही थी। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह लगातार सभी बूथों पर दिनभर गश्त करते दिखे। मतदान को लेकर व्यापक जन जागरूकता के प्रभाव से कुन्दा में कुल 14,458 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। 65.58 प्रतिशत मतदान दर्ज की गई। पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की मत प्रतिशत अधिक रहा।

# प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद शांतिपूर्ण हुआ मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन ने जिले के सभी मतदान केंद्रों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं, जिससे मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अधिकांश मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरों से लैस थे और हर बूथ पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी तरह का उपद्रव न हो सके। अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लेते रहे। इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 274 और 275 पर कुछ लोगों द्वारा मतदाताओं को दबाव डालकर एक विशेष उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने के लिए मजबूर किया जा रहा था। जैसे ही इस मामले की सूचना मिली, अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा और शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार मौके पर पहुंचे और उन लोगों को वहां से बाहर किया, जिसके बाद मतदान शांतिपूर्वक जारी रहा। इसके अलावा, डाल्टनगंज के कुछ मतदान केंद्रों को छोड़कर, अन्य सभी केंद्रों पर व्हीलचेयर और मेडिकल किट की उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे विकलांग मतदाताओं को मतदान में सहूलत मिल सकी। कई मतदान केंद्रों पर पुलिसकर्मियों को विकलांग लोगों को मतदान मशीन के पास ले जाते हुए देखा गया, जिससे उन मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया गया। इस कदम ने मतदान प्रक्रिया को और भी सुलभ और सुविधाजनक बना दिया।



# शहरी मतदाता शांत, ग्रामीणों में दिखा जबरदस्त उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव में इस बार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं में स्पष्ट अंतर देखने को मिला। जहां शहरी क्षेत्र के मतदाता शांत दिखी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। शहरी बूथों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, जबकि ग्रामीण इलाकों में सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने से एक घंटा पहले ही लोग कतारों में खड़े नजर आए।

ग्रामीण बूथों पर मतदान का प्रतिशत बेहतर रहा, जबकि शहर में अधिकांश मतदान केंद्रों पर लोगों की कम संख्या देखी गई। शहरी क्षेत्रों में केवल पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं में ही उत्साह दिखाई दिया। वोट देने के बाद उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इसके विपरीत, गांवों में मतदान के प्रति सभी वर्गों में उत्साह देखने को मिला। हालांकि, प्रशासन ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों में प्रतियोगिताएं, दौड़ और कला प्रतियोगिताएं आयोजित की थीं, लेकिन इसका असर शहरी मतदाताओं पर नहीं दिखा। शहरी इलाकों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान भी चलाया गया, ताकि लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले बूथों पर इस बार प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

## कांजी हाउस मुहल्ला में मतदान के दौरान हंगामा, जांच के बाद मतदान सामान्य हुआ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बुधवार को कांजी हाउस मुहल्ला स्थित मदरसा के बूथ संख्या 166 और 167 पर कुछ मतदाताओं ने मतदान के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि वोट डालने पर उनके द्वारा चुने गए उम्मीदवार के बजाय दूसरे दल की पर्ची निकल रही थी, जिससे मतदान प्रक्रिया में कुछ समय के लिए विघ्न उत्पन्न हुआ। सूचना मिलने पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह बल्होत्रा, और टीओपी वन के प्रभारी इंद्रदेव पासवान अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की जांच की। एसडीओ ने आरोप लगाने वाले युवक से फॉर्म भरने को कहा और कहा कि मामले की जांच की जाएगी। जांच में यदि आरोप सही पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जबकि आरोप झूठे पाए जाने पर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक के शेष

### बुलडोजर एक्शन को...

अपने हाथ में लेने के बराबर है, जो कि किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। बुलडोजर एक्शन के संबंध में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा, महज किसी आरोप के आधार पर अगर कार्यपालिका किसी व्यक्ति का घर तोड़ती है, तो यह निश्चित तौर पर कानून के सिद्धांत पर बड़ा प्रहार होगा। कार्यपालिका कोई जज नहीं है, जो कि किसी भी व्यक्ति की संपत्ति को ध्वस्त करने का फैसला दे। शीर्ष न्यायालय ने कहा, बुलडोजर की कार्रवाई आरोपी या दोषी के परिवार को सामूहिक दंड देने जैसा है और जब चयनित आधार पर किसी की संपत्ति को ध्वस्त किया जाए, तो यह दुर्भावना से ग्रसित मालूम पड़ती है। शीर्ष न्यायालय ने कहा, बिना कारण बताओ नोटिस दिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

किन मामलों नहीं लागू होगा आज का फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम साफ करते हैं कि ये निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होंगे, जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेलवे लाइन से सटे या किसी नदी या जल निकाय जैसे किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई अनाधिकृत संरचना है। इसके अलावा कोर्ट ने आगे कहा कि आज का फैसला उन मामलों में भी लागू नहीं होंगा, जहां न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है।

### संथाल में आदिवासियों...

आंकड़े बताते हैं कि संथाल में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गयी है। अगर ऐसे ही आदिवासी घटते रहे तो क्या होगा? आपके जल, जंगल और जमीन पर दूसरों का कब्जा हो जायेगा। हमें इस स्थिति से हर झारखंडी को बचाना है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंति का उत्सव गौरव दिवस के रुप में मनाने जा रहे हैं। भारत के हर कोने में इस गौरव दिवस को मनाया जाएगा।

हमने संथाल परगना को एम्स व एयरपोर्ट दिया : पीएम मोदी ने कहा कि हमने झारखंड को संथाल परगना को एम्स दिया। अब लोगों को इलाज के लिए कोलकाता, दिल्ली और दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ता। देवघर में एयरपोर्ट बनने से बड़ी संख्या में टूरिस्ट आ रहे हैं। इससे पर्यटन और रोजगार बढ़ रहा है। इसलिए बाबा के आशीर्वाद से आपके आशीर्वाद से हमने जो गारंटी दी है वो पूरी होकर रहेगी। गरीब की जिंदगी झोपड़ी में न गुजरे, इसलिए पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर दिए जा रहे हैं। लोगों को राशन दिया जा रहा है। हमने पहले सुदूर आदिवासी गांवों में बिजली पहुंचाई और अब मुफ्त बिजली देने पर काम कर रहे हैं। पीएम सूर्य योजना से जो जुड़ रहा है उसे 75,000-80,000 रुपये सरकार दे रही है। अगर ज्यादा बिजली पैदा हुई तो उसे खरीदा भी जायेगा।

विस चुनाव 2024

## 62 मतदान केंद्रों पर विधानसभा चुनाव का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

# रमना प्रखंड में 68.9 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत कुल 62 मतदान केंद्रों पर विधानसभा चुनाव का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके लिए आठ सेक्टर बनाए गए थे, और प्रत्येक सेक्टर के लिए एक-एक मजिस्ट्रेट को प्रतिनियुक्त किया गया था। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल, मतदान कर्मी, बीएलओ और स्वास्थ्य कर्मियों ने पूरी तत्परता के साथ मतदान कार्य को सम्पन्न कराया। 62 मतदान केंद्रों के लिए कुल 57,396 मतदाताओं की संख्या थी, जिनमें से 68.9% (39,545) मतदाताओं ने मतदान किया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए चुनाव आयोग द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसमें मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में किसी भी दल का चुनाव चिन्ह या पर्चा लेकर नहीं रहने की सख्त हिदायत दी गई थी। सभी मतदान केंद्रों पर वेब कैमरा लगाया गया था, जिससे मतदान कर्मी, बूथ एजेंट और मतदाताओं पर पैनी नजर बनी रही। मतदान शुरू होने से पूर्व ही सिलिदाग पंचायत के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ी, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वोटर कंचन कुमार सिंह ने बताया कि इस बार उन्होंने मतदान किया है क्योंकि वे चाहते हैं कि क्षेत्र की मौलिक सुविधाएं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कें, सुधारी जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पहले उनके पंचायत में स्वास्थ्य सेवाएं थीं, लेकिन अब नहीं हैं। पहले मतदान करने वाली बहनों, स्वेता और काजल ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास के लिए वोट किया। बुजुर्ग महिला को सीआरपीएफ जवानों ने व्हीलचेयर से मतदान केंद्र तक पहुंचाकर मतदान कराया, जो एक मिसाल साबित हुआ।





**मुखिया अनीता देवी** ने मतदान के बाद कहा कि यह जनता का अधिकार है कि वे अपनी सरकार चुनें और हर नागरिक को अपना मताधिकार अवश्य इस्तेमाल करना चाहिए।

**सीओ सह प्रखंड विकास** पदाधिकारी, विकास कुमार पांडेय, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, टीजीटी नंदकिशोर चौबे, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सीआरपीएफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## पूर्व सैनिक व टीवी होस्ट को डोनाल्ड ट्रंप ने बनाया अमेरिका का अगला रक्षा मंत्री



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी मंत्रिमंडल में एक और महत्वपूर्ण नियुक्ती की घोषणा की है। पूर्व सैनिक और टीवी कलाकार पीट हेगसेथ नई सरकार में रक्षा सचिव (मंत्री) होंगे। ट्रंप-वैंस ट्रांजिशन टीम ने एक बयान में कहा, पीट सख्त, होशियार और अमेरिका फर्स्ट में सच्चा विश्वास रखने वाले हैं। पीट के नेतृत्व में, अमेरिका के दुश्मनों को यह चेतावनी मिलेगी- हमारी सेना फिर से महान होगी, और अमेरिका कभी पीछे नहीं हटेगी। इस घोषणा पर नई दिल्ली समेत दुनियाभर की नजर थी। बयान में कहा गया कि हेगसेथ प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट। उनके पास हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से भी ग्रेजुएशन की डिग्री है। वह एक आर्मी कॉम्बैट वेटरन हैं जो ग्वांतानामो बे, इराक और अफगानिस्तान का दौरा कर चुके हैं। युद्ध के मैदान में उनके कामों के लिए उन्हें दो ब्रॉन्ज स्टार के साथ-साथ एक कॉम्बैट इन्फैंट्रीमैन बैज से सम्मानित किया जा चुका है।

## श्रीलंका में संसदीय चुनाव के लिए मतदान आज

**कोलंबो।** श्रीलंका में संसदीय चुनाव-2024 की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसमें तरजीही मतों के जरिए 196 प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय सूची से 29 प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा, ताकि नई 10वीं संसद के लिए 225 प्रतिनिधियों का चयन किया जा सके। इस बार 17.1 मिलियन मतदाता 22 बहु-सीट निर्वाचन क्षेत्रों में मताधिकार करने के पात्र हैं। नई संसद की पहली बैठक 21 नवंबर को आहूत की जा सकती है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव के दिन डाक मतों की गिनती शाम 4.15 बजे शुरू होगी और नियमित वोटों की गिनती शाम 7.15 बजे के आसपास शुरू होने की उम्मीद है।

## प. बंगाल : छिटपुट हिंसा के बीच हुआ 69.29 फीसदी मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर बुधवार को उपचुनाव छिटपुट हिंसा के बीच चुनाव संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने किसी भी तरह की अराजकता, बवाल और कानून व्यवस्था को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कड़ी सुरक्षा का प्रबंध किया था। बूथों और स्ट्रांग रूमों के बाहर केंद्रीय बलों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई थी। इन छह विस सीटों पर मतगणना 23 नवंबर को होगी। उपचुनाव के दौरान कुछ सीटों पर हिंसा और विवाद की खबरें सामने आईं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यूपी सरकार ने किया स्वागत

### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम फैसला

एजेंसी

**लखनऊ।** बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि इससे संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और अपराधियों में कानूनी नतीजों का डर पैदा करने में मदद मिलेगी। वहीं, विपक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से राज्य में "बुलडोजर आतंक" और "जंगल राज" खत्म हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में होने वाली बुलडोजर कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश तय किए और कहा कि बिना 'कारण बताओ नोटिस' के किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए और प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रवक्ता ने स्पष्ट करते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस मामले को फैसला सुनाया है, वह उत्तर प्रदेश से जुड़ा नहीं था, बल्कि यह मामला उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य बनाम जमीयत उलेमा-ए-हिंद का था।

फैसले से अपराधियों में कानून के प्रति भय बढ़ेगा कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए प्रवक्ता ने कहा, 'अच्छे शासन की पहली आवश्यकता कानून का शासन है।



### सरकार किसी की निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाती

वहीं, उत्तर प्रदेश कैबिनेट के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी कोर्ट के फैसले को स्वागत किया और कहा कि सरकार कभी किसी की निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाती है, बल्कि पब्लिक प्रॉपर्टी पर हुए अवैध क जों पर बुलडोजर चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई हाई कोर्ट के फैसले के आधार पर की जाती रही है।





### मायावती ने कहा- आतंक खत्म होगा

इसके अलावा, बसपा प्रमुख मायावती और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने भी फैसले का स्वागत किया। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'माननीय सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर विध्वंसों से जुड़े आज के फैसले व तत्सम्बंधी कड़े दिशा-निर्देशों के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि यूपी व अन्य राज्य सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी और बुलडोजर का छाया आतंक अब जरूर समाप्त होगा'।

### बुलडोजर हमेशा के लिए गैराज में खड़ा हो गया : अखिलेश यादव



कानपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बुलडोजर हमेशा के लिए गैराज में खड़ा हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा, उससे बड़ी टिप्पणी कोई और नहीं हो सकती। सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को कानपुर उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि आज के बाद उनका बुलडोजर हमेशा के लिए गैराज में खड़ा हो जाएगा, अब किसी गरीब का घर नहीं टूटेगा।

### अदालत से इसी तरह गरीबों को मदद मिलती रहे : मौलाना अरशद मदनी



**नई दिल्ली।** बुलडोजर कार्रवाई पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चेयरमैन मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हम तो ये समझते हैं कि किसी शख्स की पूरी जिंदगी की कमाई उसके घर को गिरा देना ये कानून के खिलाफ है। जो कुछ किया जा रहा है वह गरीबों की पूरी जिंदगी की कमाई खत्म कर देने का प्रयास है। कुछ मामले ऐसे भी सामने आए है कि किराए के मकान को भी गिरा दिया गया। एक घर में पूरा परिवार है।

## ज्वालामुखी विस्फोट के बाद इंडिगो और एयर इंडिया ने बाली के लिए रद्द कीं उड़ानें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडिगो और एयर इंडिया एयरलाइंस ने बुधवार को बाली के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इन दोनों एयरलाइन कंपनियों ने इंडोनेशिया के द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट से राख के बादल छाने के कारण अपनी उड़ानें कैंसिल की हैं। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में आज सुबह कम दृश्यता के कारण विमान परिचालन प्रभावित हुआ। इंडिगो ने एक्स पोस्ट में कहा कि बाली में हाल ही में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण इस क्षेत्र से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, क्योंकि राख के बादल हवाई यात्रा को प्रभावित कर सकते हैं। इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत के एक सुदूर द्वीप में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी ज्वालामुखी इसी महीने फटा था,



जिसके राख के बादल आसमान में छाए हुए हैं। ये बादल उड़ान संचालन के लिए खतरा बन सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई एयरलाइनों ने बाली के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं।

दूसरी ओर आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया ने अपनी बाली उड़ान रद्द कर दी है। यह दिल्ली से इंडोनेशियाई द्वीप के लिए रोजाना एक उड़ान संचालित करती है।

## असम विस उप चुनाव में 72.83 फीसदी मतदान

**गुवाहाटी।** असम में बुधवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में शाम 5 बजे तक 72.83 प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें बंगाईगांव में 69.08 प्रतिशत, धोलाई 72,40 प्रतिशत, बिहाली 73.70 प्रतिशत, सिडली 71.50 प्रतिशत तथा सामगुरी में 78.70 प्रतिशत मतदान हुए हैं। 9,09,057 मतदाताओं के लिए 1078 मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गयी थी। मेघालय के गम्बेगर निर्वाचन क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 80.91 प्रतिशत वोट डाले गए। राज्य में मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण हुआ। सामगुरी विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर चुनावी हिंसा की खबरें आईं। खलीहारी में भाजपा उम्मीदवार दिप्लूरंजन शर्मा पर हमले का प्रयास किया गया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता हारुन रशीद और मेराजुल हक पर हमला करने के आरोप लगाए। भाजपा उम्मीदवार दिप्लूरंजन शर्मा ने असम की राजनीति में हिंसा पैदा करने के लिए सांसद रकीबुल हुसैन की कड़ी आलोचना की।

## हरियाणा में लागू हुआ एससी एसटी आरक्षण के कोटे में कोटा

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) 20 प्रतिशत आरक्षण के कोटे में कोटा लागू हो गया है। इसमें अब सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत कोटा वंचित अनुसूचित जातियों के लिए और 10 प्रतिशत कोटा अन्य अनुसूचित जातियों के लिए होगा। विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार की शाम एससी-एसटी वर्ग में आरक्षण के उपवर्गीकरण की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा के कुछ देर बाद ही मुख्य सचिव ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अन्य अनुसूचित जाति श्रेणी में 15 तथा वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में 66 जातियां शामिल हैं। सरकार के इस फैसले का सबसे अधिक लाभ वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल 66 जातियों के लोगों को मिलेगा, जिनके लिए नौकरियों के अवसर लगातार कम होते जा रहे थे। हरियाणा देश में ऐसा पहला राज्य है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को अपने यहां सबसे पहले लागू किया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने जैसे ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को हरियाणा में लागू करने की घोषणा की, पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। विगत 18 अक्टूबर को हुई कैबिनेट की बैठक में पहले ही एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उपवर्गीकरण पर मुहर लगा दी गई थी। कोटे में कोटा लागू होने से आरक्षण का लाभ उसी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मिल सकेगा, जिन्हें वास्तव में इसकी अधिक जरूरत है।

## एजुकेशन/करियर

हेयर ड्रेसर, हेयर स्टाइलर सुनने में जितना अच्छा लगता है उससे कई ज्यादा अच्छा तब लगता है, जब आप इस पोस्ट पर आ चुके होते हैं। तो क्या आप भी अपना करियर हेयर स्टाइलर बनकर बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो बस फिर तो आपके लिए यह सोने पे सुहागा वाली बात हो गई क्योंकि आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि आप कैसे हेयर स्टाइलिस्ट बन सकते हैं। और हेयर स्टाइलिस्ट बनने के बाद अपना करियर कहां-कहां बना सकते है? इतना ही नहीं इसके साथ ही मैं आपको इंडिया की टॉप 5 हेयर एकेडमी के बारे में बताऊंगी, जहां से आप हेयर कोर्स कर सकते हैं।

# हेयर ड्रेसिंग में बना सकते हैं अपना सुनहरा भविष्य

**हेयर एकेडमी :** मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी : मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी इंडिया की सर्वश्रेष्ठ ब्यूटी इंस्टिट्यूट में आती है। मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी को इंजीनियर माही मैम ने अपनी लाखों रूपए की जॉब छोड़कर स्टार्ट किया था। इनका ऐम यूथ को हाई क्वॉलिटी ब्यूटी ट्रेनिंग प्रोवाइड कराना है। इसलिए मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी में ट्रेनिंग क्वॉलिटी के साथ कोई कॉमप्रोमाइज नहीं किया जाता है। मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी मेकअप इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए भारत की बेस्ट ब्यूटी एकेडमी है। मेरीबिंदिया इंटरनेशनल एकेडमी को बहुत सारे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने इंडिया के बेस्ट ब्यूटी स्कूल अवार्ड से पुरस्कृत किया है।

**टॉनी एंड गाय एकेडमी :** टॉनी एंड गाय एकेडमी सैलून की शाखाएं पूरे विश्व में फैली हुई है। उन्होंने इंडिया में अपनी एकेदमी की शुरूआत की है। टॉनी एंड गाय एकेडमी में बहुत कीमती हेयर स्टाइल कोर्स कराए जाते है। यहां पर बेसिक कोर्स से लेकर एडवांस कोर्स तक कराए जाते है। साथ ही सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स भी कराए जाते है। यहां से अगर आप कोर्स करते है, तो आपको 2 महीने का समय लगेगा और 1 लाख 80 हजार रुपए लगेंगे।

**कपिल एकेडमी :** कपिल शर्मा ने मुंबई शहर में इस एकेडमी की शुरुआत की है। यह एकेडमी बहुत ही विश्वसनीय हेयर एकेडमी। यहां पर देश के बेस्ट ट्रेनर्स प्रशिक्षण देने आते है। इस एकेडमी से आप हेयर एकेडमी कोर्सके अलावा मेकप कोर्स , कर सकते हैं। यहां हेयर कटिंग, हेयर स्टाईल, हेयर एक्सटेंशन आदि लगभग हर चीज़ आप अच्छे से सीख सकते है। यहां से अगर आप कोर्स करते है, तो आपको 2 महीने का समय लगेगा और 1 लाख 50 हजार रुपए लगेंगे।गर आप कपिल एकेडमी में नामांकन लेने के लिए किसी भी तरह का परामर्श चाहते हैं तो नीचे दिए गए नंबर पर बेहिचक संपर्क कीजिए।

**लेक्मे एकेडमी :** लेक्मे एकेडमी ब्रांड का नाम देश का जाना-माना नाम है। लेक्मे में सौन्दर्य उत्पादों के क्षेत्र में से सैलून और ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में भी काफी फेमस है। यह आपको बहुत ही अच्छे हेयर स्टाईल कोर्स करने को मिलेंगे।



### हेयर स्टाइल कंपटीशन में पार्टिसिपेट लेने के बेनिफिट

- हेयर स्टाइल कंपटीशन में पार्टिसिपेट करने से आपको अपना टेलेंड साबित करने का मौका मिलता है।
- इवेंनेंट में काफी लोग आपके हेयर स्टाइल को बाकि लोगों के हेयर स्टाइल के साथ कंपेयर करते है। यदि उन्हें आपकी हेयर स्टाइल पसंद आती है, तो वह डायरेक्ट आपको हेयर स्टाइल के लिए बुक कर सकते हैं, और अपने दोस्तों को आपका रिफरेंस भी दे सकते हैं।
- हेयर स्टाइल कंपटीशन आपके अंदर के कॉन्फिडेंस को बढ़ाता है।
- हेयर स्टाइल कंपटीशन आपके नाम और आपके काम के ब्रांड की वैल्यू को बढ़ाते हैं।
- हेयर स्टाइल कंपटीशन में पार्टिसिपेट करने से आपके सोशल मीडिया के फोलोवर्स बढ़ते है।
- यदि आप हेयर स्टाइल कंपटीशन में पार्टिसिपेट लेते हैं, तब कंपटीशन में स्थान पाने के लिए प्रेक्टिस करते हैं... और प्रेक्टिस से ही हेयर स्टाइलर का हाथ साफ होता है।
- कंपटीशन में पार्टिसिपेट करने से नए ट्रेंड के हेयर स्टाइल के बारे में पता चलता है।
- कंपटीशन में हेयर स्टाइल करने के लिए समय सीमा होती है। इसका फायदा यह है कि आप कम समय में परफेक्ट हेयर स्टाइल बना सकते है।
- कंपटीशन में पार्टिसिपेट करने से कंटेंट भी स्ट्रोग होते हैं, जिससे आपका वर्क देखकर आपको अच्छे लेवल पर वर्क भी मिल सकता है।

### हेयरस्टाइलिस्ट आर्टिस्ट बनने के बाद करियर

- -हेयर स्टाइलिस्ट बनकर सैलून में हेयर स्टाइलिस्ट की जॉब्स कर सकते है।
- -टेक्निकल ट्रेनर के रूप में किसी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में जॉब कर सकते है।
- -खुद का सैलून ऑपन कर सकते है।
- -हेयर एकेडमी की शुरुआत कर सकते हैं।
- -विदेश में भी जॉब्स कर सकते है। बता दें, विदेश में आपकी सैलरी काफी हाई होगी।
- -क्रूज में भी जॉब कर सकते है यहां जॉब करने पर आप दुनिया की सैर सकते है।
- -खुद के सेमिनार होस्ट कर सकते है या फिर किसी और के साथ मिलकर खुद का इवेंट भी ऑर्गेनाइज कर सकते है।
- -खुद का प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग भी कर सकते है।
- -मूवीज, सैट, शूट में काम कर सकते है।
- -किसी सेलिब्रिटी का पर्सनल आर्टिस्ट बन सकते है।